हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, गुरुवार 18 सितंबर 2025
भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर



## खबर संक्षेप



### युवा सरपंच सिंगौर ने स्कूल व उपस्वास्थ्य केंद्र में की सेवा

**भिलाई।** भाजपा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 75वें जन्मदिन को देश में सेवा पखवाड़ा के रूप में मना रही है। इस पखवाड़े के तहत जनपद पंचायत पाटन अंतर्गत सांकरा सरपंच रवि सिंगौर द्वारा सांकरा स्कूल और उपस्वास्थ्य केंद्र में सेवा कार्य किया। इस अवसर पर तुलाराम सिंगौर पंच महेंद्र पारधी पंच संतोष सिंगौर, तिहारु बघेल, छोटू यादव, नरेंद्र गायकवाड़, विकास सिंगौर सहित अन्य ग्रामवासी जन मौजूद रहे। सरपंच सिंगौर ने बताया कि सेवा पखवाड़े के तहत रक्तदान शिविर और स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिलेगा। प्रधानमंत्री मोदी के सेवा और विकास कार्यों पर आधारित प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी और मिशन लाइफ को जन आंदोलन के रूप में बढ़ावा दिया जाएगा। शिक्षा और स्वच्छता पर विशेष ध्यान देते हुए विभिन्न कार्यक्रम किए जा रहे हैं।

## निधन

### गुरु देवी जगदेव

**भिलाई।** नेहरु नगर पूर्व निवासी गुरु देवी जगदेव पति स्व. मम चंद



जगदेव का निधन 17 सितंबर को हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 18 सितंबर को दोपहर 12 बजे उनके निवास स्थान 25/2 नेहरू नगर पूर्व से रामनगर मुक्तिधाम के लिये निकाली जायेगी। वे मुकुल जगदेव, सुकुल जगदेव की मां थीं।

### हंसा देवी पांडेय

**भिलाई।** क्वार्टर नंबर -17/ए



सड़क -13 सेक्टर 1, भिलाई निवासी हंसा देवी पांडेय 88 वर्ष का निधन 17 सितंबर को हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 18 सितंबर को निवास स्थान से रामनगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे घनश्याम, अशोक पाण्डेय की मां थीं।

### बीएसपी और औद्योगिक क्षेत्र में जगह-जगह विराजे सृजन के देव विश्वकर्मा, अन्य जगहों पर भी पूजा-अर्चना

# औद्योगिक नगरी में पूजे गए सृजन के देवता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

औद्योगिक नगरी भिलाई में आज विश्वकर्मा पूजा की धूम रही। भिलाई इस्पात संयंत्र सहित औद्योगिक क्षेत्र और गैराज वर्क्स शाप्स आदि जगह जगह पूजा पाठ और धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। विश्वकर्मा पूजा का त्योहार पारंपरिक रुप से हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जगह जगह सृजन के देव भगवान विश्वकर्मा की मूर्तियां स्थापित कर पूजा अर्चना गई। वाहनों और मशीनों आदि की भी पूजा कर प्रसाद वितरित किये गए । सबसे अधिक फेस्टिव माहौल बीएसपी, औद्योगिक क्षेत्र, ट्रांसपोर्ट नगर हथखोज और मैकेनिक वर्क्सशाप्स आदि में रहा। प्लांट के अंदर अलग अलग समूहों मेंकर्मचारी और ठेका मजदूर अधिकारियों के साथ अपने अनुभागों व मिलों में सुबह से ही तैयारी में जुटे थे। कोकओवंस, प्लेट मिल, वायर राड मिल, यूआरएम, एसएमएस-3 ब्लाट्स फर्नेस महामाया गैराज आदि विभिन्न मिलों व शाप्स में सृजन के देव विश्वकर्मा की मूर्तियां विराज तक भगवान के साथ भारीभरकम मशीनों, क्रेनों और लोको आदि वाहनों की भी पूजा की गई। सभी कर्मियों और ठेका मजदूरों को मिठाई के डिब्बे बांटे गए। स्टील ठेका मजदूर यूनियन इंटक, बीएमएस आदि यूनियनों के लोग भी पूजा में शरीक हुए। टाउनशिप में भी बीएसपी गैराज सेक्टर 7 सहित विभिन्न सेक्टरों के बाजारों में मोटर मैकेनिक दुकानों, शोरुम व लौह उपकरणों की दुकोंआदि मे पूजा अर्चना की । पावरहाउस, सुपेला चौक, नंदिनी रोड आदि में भंडारे भी आयोजित किए।

**मजदूरों को बंटे मिठाई के डिब्बे व हुए भंडारे, गाजे-बाजे के साथ रेलवे के इंजीनियरिंग विभाग में भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा स्थापित**







### उद्योग और ट्रांसपोर्टनगर में पूरे दिन रहा उत्सवी माहौल

औद्योगिक क्षेत्र और ट्रांसपोर्ट नगर में भी विश्वकर्मा पूजा पर दिनभर उत्सवी माहौल रहा। औद्योगिक क्षेत्र के सिम्पलेक्स, बीके इंजीनियरिंग, बीईसी आदि बड़े उद्योगों सहित लघु, सहायक व मध्यम उद्योगों में मजदूरों ने उत्साह के साथ विश्वकर्मा की मूर्ति स्थापित कर पूजा की। मजदूरों को मिठाइयां बांटी गईं। ट्रांसपोर्टनगर हथखोज में भी ट्रांसपोर्टरों व कर्मियों ने भक्ति व उत्साह के साथ भगवान विश्वकर्मा के साथ हाईव आदि गाड़ियों की पूजा की। पूजा में छग ट्रांसपोर्ट कल्याण संघ के अध्यक्ष प्रभुनाथ बैठा, ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह आदि शामिल हुए।



### कन्हैया स्टील इंडस्ट्री में मनाई गई विश्वकर्मा जयंती

**भिलाई।** कन्हैया स्टील इंडस्ट्री में बुधवार को विश्व निर्माता भगवान श्री विश्वकर्मा की जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई। केव्ही ग्रुप के चेयरमैन केके झा एवं डायरेक्टर निश्चय झा ने अपने



पूरे स्टाफ के साथ भगवान श्री विश्वकर्मा की पूजा अर्चना की। इस अवसर पर केएच मेमोरियल स्कूल की प्रिंसिपल विभा झा, एकेडमिक डायरेक्टर सृष्टि झा विशेष रूप से उपस्थित थीं। पूजा में समाजसेवी अनिल सिंह, लल्लन तिवारी, सुखदेव पांडे सहित स्टाफ संदीप अग्रवाल, विवेक नाग, थानेश शर्मा, नारायण, दिनेश चक्रवर्ती, श्यामलाल, भुवनेश्वर, जितेंद्र, देवदास, लाल वर्मा, बच्चन चौहान,शशि बाई सहित अन्य उपस्थित थे।

### दुर्ग निगम में महापौर ने विधि विधान के साथ की पूजा

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम दुर्ग में हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ भगवान श्री विश्वकर्मा जयंती का आयोजन किया गया। निगम के कर्मशाला भवन, वाहन शाखा, एमएलडी फिल्टर प्लांट तथा जलकार्य विभाग स्थित विद्युत विभाग में भव्य पूजा-अर्चना संपन्न हुई। इस अवसर पर महापौर अलका बाघमार एवं आयुक्त सुमित अग्रवाल सभापति श्याम शर्मा ने भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा का वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजन किया। महापौर ने पूजा उपरांत शहरवासियों की सुख-समृद्धि एवं नगर के निरंतर विकास की कामना की। महापौर अलका बाघमार, आयुक्त सुमित अग्रवाल, सभापति श्याम शर्मा, एमआईसी सदस्य देवनारायण चंद्राकर, ज्ञानेश्वर ताम्रकार, शेखर चंद्राकर, लीना दिनेश देवांगन, मनीष साहू, नीलेश अग्रवाल, हर्षिका संभव जैन, कुलेश्वर साहू, साजन जोसफे, ललित ढीमर, सुरुचि उमरे, कमल देवांगन, ललिता ठाकुर, रंजीता पाटिल, अरुण सिंह, लोकेश्वरी ठाकुर, सावित्री दमाहे, मनोज सोनी, कर्मशाला अधिकारी शोएब अहमद के अलावा अधिकारी एवं कर्मचारियों ने भगवान विश्वकर्मा के चरणों में पुष्प अर्पित किए।

### विश्वकर्मा जयंती पर महाप्रसाद का वितरण

**भिलाई।** श्री बाबा विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर मंदिर में विशेष प्रसाद खिचड़ी पुरी हलवा महाप्रसाद का आयोजन किया था सभी भक्तो के



द्वारा महाप्रसाद बांटा गया। बोलो जय बाबा विश्वकर्मा भगवान की जय जय हो जय हो भगवान की जय जय कारे लगाये गये आशीर्वाद मांगा सभी को एक दूसरे बधाई शुभकामनाएं दी।

### श्रमिक समाज देश और समाज के निर्माण की रीढ़ : विधायक गजेन्द्र

**दुर्ग।** दुर्ग शक्तिनगर वार्ड क्रमांक 18 में जनवादी राज मिस्त्री मजदूर संघ द्वारा भव्य रूप से आयोजित विश्वकर्मा जयंती समारोह में प्रदेश के शिक्षा, ग्रामोद्योग, विधि एवं विधायी मंत्री गजेन्द्र यादव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने श्रमिक साथियों को संबोधित करते हुए कहा कि श्रमिक समाज देश और समाज के निर्माण की रीढ़ है। उनके परिश्रम और कौशल से ही विकास की नींव रखी जाती है। उन्होंने श्रमिक बंधुओं के सुख-



समृद्धि, स्वास्थ्य और निरंतर प्रगति की मंगलकामना की। इस अवसर पर पार्षद देवनारायण चंद्राकर, सुरुचि उमरे, शिवेंद्र परिहार, मंडल अध्यक्ष मनमोहन शर्मा, बंटी चौहान, कौशल साहू, भास्कर तिवारी आदि उपस्थित थे।

### विश्वकर्मा जयंती पर शामिल हुए विधायक ललित

**भिलाई।** दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने सृजन के देवता भगवान विश्वकर्मा के पूजा



अर्चना कर क्षेत्र वासियों की सुख समृद्धि की कामना की। ग्राम कुथरेल में आयोजित विश्वकर्मा पूजा कार्यक्रम में दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर शामिल हुए और भगवान विश्वकर्मा जी की पूजा अर्चना कर आर्शीवाद प्राप्त किया । इस अवसर पर प्रमुख रूप से जनपद सभापति लोमस चंद्राकर, अध्यक्ष डीहार प्रताप विश्वकर्मा, उपाध्यक्ष परमेश्वर विश्वकर्मा, सचिव टाकेन्द्र विश्वकर्मा, संजीव विश्वकर्मा, पुरूषोतम विश्वकर्मा, देवनारायण विश्वकर्मा, विक्रम विश्वकर्मा, संदीप आदि उपस्थित थे।

### भगवान विश्वकर्मा विश्व के प्रथम इंजीनियर और शिल्पकार : विजय



**भिलाई।** सांसद विजय बघेल ने विश्वकर्मा जयंती के पावन अवसर पर आयोजित पूजा-अर्चना कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने अपने निवास कार्यालय, सेक्टर-5 भिलाई में श्रद्धा और भक्ति भाव से भगवान विश्वकर्मा की विधिवत पूजा-अर्चना की। भगवान विश्वकर्मा को विश्व के प्रथम इंजीनियर और शिल्पकार के रूप में जाना जाता है, और उनकी जयंती पर परंपरागत रूप से औजारों, मशीनों, उपकरणों एवं वाहनों की पूजा की जाती है। सांसद विजय बघेल ने अपने सभी वाहनों की पूजा कर परंपरा का पालन किया तथा सभी वाहन चालकों को तिलक लगाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित सभी जनों को भगवान विश्वकर्मा जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी।उन्होंने कहा कि भगवान विश्वकर्मा की कृपा से ही हम तकनीकी विकास और औद्योगिक उन्नति की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।

### विश्वकर्मा जयंती पर 11 लोगों को सौंपी पीएम आवास की चाबी

**पाटन।** नगर पंचायत पाटन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन विश्वकर्मा जयंती



का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती मरीजों को फल वितरण किया गया। इसके बाद नगर पंचायत के स्टोर में जाकर गाड़ियों एवं विभिन्न औजारों की पूजा अर्चना की गई । नगर पंचायत के ग्यारह पीएम आवास के हितग्राहियों को पीएम आवास पूर्ण होने पर आज उन्हें उनके घर का चाबी भी सौंपी गई।। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा का शुभारंभ किया गया साथ ही साथ स्वच्छता का संकल्प सभी ने लिया। इस दौरान नगर पंचायत द्वारा पौध रोपण भी किया गया।

## बिजनेस साइट

# ओम ज्वेलर्स को ग्राहकों का मिल रहा बेहतर प्रतिसाद

**भिलाई।** ओम ज्वेलर्स के संचालक ने तीज पर्व एवं गणेश चतुर्थी की शुभकामनाएं दी है। शहर के हृदय स्थल इंदिरा मार्केट प्रिया श्रृंगार सदन के सामने शॉप नंबर 64बी में स्थित ओम ज्वेलर्स दुर्ग अपने ग्राहकों के हितों के लिए हमेशा प्रतिबद्ध है। जहां आपको मिलता है भारत सरकार द्वारा huid पास टोटल हॉलमार्क के गहनों का विशाल रेंज उपलब्ध है। जिसमें नये व पुराने ग्राहकों को 100 प्रतिशत संतुष्टी निश्चित होकर गहने खरीद सकते हैं। साथ ही गहनों मे टूट फुट की 2 साल की रिपेरिंग फ्री की सुविधा उपलब्ध है। मनपसंद कलात्मक ज़ेवर, ग्राहकों के रुपयों के अनुरूप कम कीमत से ज्यादा क़ीमत पर एक से एक नई नई डिजाइन उपलब्ध रहता है, लाइट वेट से अधिकतम वेट की ज्वेलरी में सोने के नेकलेस, झुमका, बाली, एरिंग टॉप्स, रानी हार, चोकर.चांदी में पायल कमरबंद, बाजूबंद बिछिया, ऑल सोने चांदी की एक से बढ़कर एक वैरायटियों का नई-नई डिजाइन का विशाल रेंज उपलब्ध है। वहीं दूल्हे दुल्हन के लिए खास टूर बैग,




इम्पोर्टेन्ट वॉच, जितना सोना उतना चांदी फ्री ग्राहकों की तत्काल गिफ्ट दिया जाता है। क़ीमत भी सबसे कम चीप दर पर गहने प्रदान किया जा रहा है और भी विशेषताएं प्रदान की जाती है। जैसे अपने पुराने सोने को नये जैसे बनाए वो भी बिना नुकसान के बिना वजन कम हुए तत्काल, पुराने सोने चांदी की 100 प्रतिशत मूल्यों के साथ वापसी, पुराने सोने-चांदी का तत्काल रिपेरिंग, मंगलसूत्र गुथायी 0 चार्जेबल पर, किसी भी गोल्ड के गहने पर 100 प्रतिशत वापसी, हमारी संस्थान में किसी भी प्रकार के गहने, जेवरों का पेमेंट घर से करने की सुविधा उपलब्ध, सभी प्रकार की चेक स्वीकार किए जाते हैं, आल एटीएम, डेबिट, क्रेडिट कार्ड स्वीकार किये जाते हैं, भारत सरकार द्वारा प्रमाणित 916.(22c )833(20c)750(18c )टोटल हॉलमार्क की गहने की भरपूर रेंज उपलब्ध, हर दस हजार की खरीदी पर चांदी की मूर्ति फ्री, हमारी संस्थान ग्राहकों को अच्छी क्वालिटी व गुणवत्ता की सुविधा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### सीसीईटी में इंजीनियर्स डे व छत्तीसगढ़ के रजत जयंती वर्ष का उत्सव

**भिलाई।** क्रिश्चियन कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी भिलाई में इंजीनियर्स डे एवं छत्तीसगढ़ राज्य के 25वें स्थापना दिवस का उत्सव बड़े उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक दीप प्रज्वलन से हुई, जिसके बाद डॉ. फ्र. पीएस वर्गीज, डॉ. जितेंद्र तिवारी प्राचार्य एवं डॉ. अर्चना चौधरी उप-प्राचार्य ने प्रेरणादायक संबोधन



दिए। उन्होंने छत्तीसगढ़ की विकास यात्रा और देश निर्माण में इंजीनियरों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। डॉ. पीएस राव, विभागाध्यक्ष मैकेनिकल ने छात्रों को नवाचार और समर्पण के साथ उत्कृष्टता की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर सेमिनार, कोडिंग प्रतियोगिता तथा टेक्निकल क्विज का आयोजन किया गया।

### जागरूक बनें, ज़िंदगी की हर धड़कन सुरक्षित करें : डॉ. दारुका

**दुर्ग।** सितंबर माह को विश्वभर में प्रोस्टेट कैंसर अवेयरनेस मंथ के रूप में मनाया जाता है। इसी अवसर पर आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, दुर्ग के वरिष्ठ यूरोलॉजिस्ट डॉ. नवीन राम दारुका ने पुरुषों से अपील की है कि समय पर जांच कराएँ और किसी भी असामान्य लक्षण को नजरअंदाज न करें। उनका कहना है कि शुरुआती स्टेज में प्रोस्टेट कैंसर का इलाज आसान और सफल होता है। डॉ. दारुका के अनुसार, प्रोस्टेट कैंसर पुरुषों में सबसे आम कैंसरों में से एक है और 50 वर्ष की उम्र के बाद इसका खतरा बढ़ जाता है। शुरुआती दौर में लक्षण अक्सर छिपे रहते हैं, लेकिन बार-बार पेशाब आना, पेशाब में रुकावट, थकान और



हड्डियों में दर्द इसके संकेत हो सकते हैं। उन्होंने बताया कि पीएसए टेस्ट और नियमित हेल्थ चेकअप इस बीमारी को समय रहते पकड़ने का सबसे असरदार तरीका है। समय पर जांच कराने से न केवल इलाज आसान होता है, बल्कि जीवन की गुणवत्ता भी बनी रहती है। डॉ. दारुका ने पुरुषों को यह भी सलाह दी कि संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, धूम्रपान और शराब से दूरी बनाएं। 50 साल की उम्र के बाद हर साल प्रोस्टेट की जांच कराना बेहद जरूरी है। किसी भी असामान्य लक्षण को हल्के में न लें। संदेश साफ है जागरूक बनें, समय पर जांच कराएँ और ज़िंदगी की हर धड़कन सुरक्षित करें।

### वसुंधरा की हिंदी पत्रकारिता पर संगोष्ठी 21 सितंबर को, मुख्य वक्ता होंगे अनंज विजय

**भिलाई ।** वसुंधरा पत्रिका द्वारा 21 अक्टूबर को 2.45 बजे महात्मा गांधी कलामंदिर सिविक सेंटर में हिंदी पत्रकारिता की द्विशती विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया है। मुख्य अतिथि स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता हरिभूमि और आईएनएच के प्रधान संपादक डां. हिमांशु द्विवेदी करेंगे। मुख्य वक्ता वरिष्ठ पत्रकार अनंज विजय दिल्ली, माखनलाल चतुर्वेदी पत्रकारिता विश्वविद्यालय के आचार्य व अध्यक्ष डां. संजय द्विवेदी होंगे। छग साहित्य अकदमी के अध्यक्ष शशांक शर्मा अतिथि वक्ता हैं। गोष्ठी का संचालन संपादक डां. विश्वेश ठाकरे करेंगे।

### अवैध शराब बेचने वालों को भेजा जेल



**पाटन।** नशे के खिलाफ दुर्ग पुलिस का कार्रवाई लगातार जारी है। आईजी दुर्ग एवं एसपी दुर्ग के निर्देशानुसार पाटन एवं उतई पुलिस के द्वारा भी सुबह से ही गांव गांव में दबिश दी गई ।अवैध शराब विक्रेताओं तथा गांव में शांति भंग करने वाले और नशे का टेबलेट बेचने वालो पर भी कार्रवाई की गई। पाटन थाना प्रभारी अनिल साहू ने जानकारी दी कि चार व्यक्तियों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई वहीं एक व्यक्ति को अवैध शराब बिक्री करते पाए गए जिस पर आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। सभी को न्यायालय में पेश किया गया। उतई थाना प्रभारी महेश कुमार ध्रुव ने बताया कि सुबह से जो कार्रवाई की गई उसमें चार लोगों पर आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई । 10 के खिलाफ प्रतिबंधात्मक धारा के तहत कार्रवाई की गई । वहीं एक व्यक्ति के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई । सेलूद सहित आसपास के गांव में शराब बिक्री मिलने की खबर पर पुलिस ने तत्काल संज्ञान लेते हुए यह कार्रवाई की गई।

**न्यायालय नायब तहसीलदार, भिलाई-3**

**मामले की श्रेणी: राजस्व**

संदर्भ:- जिला- दुर्ग, तहसील- भिलाई-3, प.ह.न. 00007 सिरसाकला ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण

क्रमांक :- RD202425430300600050

**ईश्तहार**

तहसील भिलाई-3 के प.ह.न. 00007 के अंतर्गत ग्राम सिरसाकला के वर्तमान भूमिस्वामी साबित्री बाई पति/पिता- गजानंद पता- सेक्टर 11, खुर्सीपार के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 101/80 (0.0112) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता गजानंद पिता/पति- पिरित राम, पता- डॉ. राजेन्द्र प्रसाद नगर खुर्सीपार, लक्ष्मी सेन पिता/पति- पिरितराम, पता- डॉ. राजेन्द्र प्रसाद नगर, खुर्सीपार, योगेश सेन पिता/पति- पिरितराम, पता- डॉ. राजेन्द्र प्रसाद नगर, खुर्सीपार, रानी सेन पिता/ पति- पिरितराम, पता- डॉ. राजेन्द्र प्रसाद नगर, खुर्सीपार चंद्रा बाई पिता/पति पिरितराम, पता- डॉ. राजेन्द्र प्रसाद नगर, खुर्सीपार के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 01/10/2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार भिलाई-3 पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 08/09/2025 को जारी किया जाता है।

मुहर

नायब तहसीलदार
भिलाई-3, जि.-दुर्ग (छ.ग.)

# साफ-सफाई कर दिया स्वच्छता ही सेवा का संदेश

**धमधा।** भाजपा मंडल ने सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत बजरंग चौक में हनुमान बावली की साफ सफाई कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जन्मदिन मनाया गया। धमधा भाजपा मंडल अध्यक्ष लोकेन्द्र ब्रह्मभट्ट ने बताया कि इस कड़ी में विभिन्न प्रकार के सेवा कार्य आयोजित किये जायेंगे। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से दुर्ग जिला पंचायत के उपाध्यक्ष पवन शर्मा, धमधा जनपद पंचायत के अध्यक्ष लीमन साहू, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष रमन लाल यादव, उपाध्यक्ष बृजेन्द्र दानी, पार्षद चेतन सोनकर, डोमार सोनकर, कुमारी बाई टोनड्रे, मलिक कुरैशी, चनद्रिका प्रसाद भट्ट, महामंत्री बनउ वर्मा, महिला मोर्चा अध्यक्ष श्वेता शर्मा,



मंडल उपाध्यक्ष मंजू धीवर, मनीषा ताम्रकार, मन्ना महोबिया,मंडल मंत्री मनोज साहू, जितेंद्र देवांगन, युवा मोर्चा अध्यक्ष आदर्श शर्मा, प्रणव साहू आदि उपस्थित थे।

## बिजनेस साइट

### बाजार के दिग्गजों का उदय और पतन - अगले बड़े थीम में निवेश करें

**भिलाई।** यह यूएस ओपन 2025 सीजन है। हर साल की तरह ही उत्साह हवा में है क्योंकि दुनिया भर के टेनिस प्रेमी सांस रोककर खेलों को देख रहे हैं। लेकिन इस बार एक अंतर है। फेडरर-नडाल-जोकोविच का युग अब पीछे छूट गया है, और अल्काराज और सिनर के नेतृत्व में खिलाड़ियों की एक नई पीढ़ी सुर्खियों में आ रही है।

जिंदगी ऐसी ही है - विजेता बदलते रहते हैं। और यही सच्चाई शेयर बाजारों में भी लागू होती है। नेतृत्व कभी स्थायी नहीं होता, यह बदलता रहता है।



**अरूप कुमार गोस्वामी**
प्रोपाइटर, गोस्वामी इन्वेस्टमेंट, भिलाई

पिछले पांच वर्षों में भारतीय बाजारों का ही उदाहरण लीजिए। जब 2020 में महामारी आई, तो फार्मा सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाला सेक्टर था क्योंकि कोविड के चलते बढ़ी हुई मांग, वैक्सीन डेवलपमेंट और बेहतर निर्यात ने इस सेक्टर को सहारा दिया। जैसे-जैसे महामारी ने दुनिया भर की कंपनियों को डिजिटल अपनाने में तेजी लाने के लिए प्रेरित किया, आईटी सेक्टर ने 2021 में सुर्खियां बटोरीं। जैसे-जैसे अर्थव्यवस्थाएं खुलीं और आर्थिक गतिविधियां लॉकडाउन से उबरीं, 2022 में बैंकों ने बढ़त हासिल की। 2023 में, दबी हुई मांग, चिप की कमी में कमी और एसयूवी और ईवी की बढ़ती बिक्री ने ऑटो सेक्टर को अग्रणी बना दिया। 2024 में फार्मा सेक्टर ने जोरदार वापसी की। इन बदलावों को पहचानना और तदनुसार निवेश पोर्टफोलियो को अनुकूलित करना निवेशकों के लिए बेहद फायदेमंद हो सकता है। क्योंकि चाहे खेल हो या शेयर बाजार, कल का चैंपियन हमेशा कल का विजेता नहीं होता।

यहाँ थीमैटिक म्यूचुअल फंड्स काम आते हैं। ये फंड्स वर्तमान मैक्रो रुझानों की पहचान करते हैं और उभरते हुए थीम्स को जल्दी टार्गेट करते हैं ताकि उनके अपेक्षित बेहतर प्रदर्शन से लाभ उठा सकें। थीमैटिक फंड्स का उपयोग विविध इक्विटी फंड्स के मुख्य पोर्टफोलियो के साथ रणनीतिक रूप से किया जा सकता है।

जहां मुख्य पोर्टफोलियो स्थिर रिटर्न प्रदान करता है, वहीं थीमैटिक एलोकेशन बेहतर प्रदर्शन करने वाले सेक्टर्स और विषयों का अवसरवादी रूप से लाभ उठाकर रिटर्न बढ़ाने का अवसर प्रदान करता है। उदाहरण के लिए, कैलेंडर वर्ष 2020 में व्यापक निफ्टी 50 इंडेक्स के 14.8 प्रतिशत रिटर्न की तुलना में, निफ्टी फार्मा इंडेक्स ने 60 प्रतिशत का प्रभावशाली रिटर्न दिया। इसी तरह, 2023 में, निफ्टी ऑटो इंडेक्स के 48 प्रतिशत रिटर्न ने निफ्टी 50 के 20 प्रतिशत रिटर्न से कहीं बेहतर प्रदर्शन किया।

इन सभी घटनाक्रमों को देखते हुए, विभिन्न सेक्टर्स और निवेश थीम्स में आशाजनक अवसरों की तलाश करने वाले निवेशक आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल थीमैटिक एडवांटेज फंड (एफओएफ) पर विचार कर सकते हैं, जो रणनीतिक रूप से सेक्टर-फोक्सड और थीमैटिक फंड्स के विविध पोर्टफोलियो में कैपिटल एलोकेशन करता है। 31 अगस्त, 2025 तक, फंड ने प्रभावशाली प्रदर्शन किया, 3-वर्षीय सीएजीआर 19.14 प्रतिशत, 5-वर्षीय सीएजीआर 24.34 प्रतिशत और स्थापना के बाद से 15.35 प्रतिशत सीएजीआर दर्ज किया।

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफ़ेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपूर्ण ईलाज
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By
Sri Sri Tattva
Bengaluru
पता: चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

तापमान
अधिकतम 32 डिग्री
न्यूनतम 25 डिग्री

हरिभूमि
इस्पात भूमि
रायपुर, गुरुवार, 18 सितंबर 2025

14
औद्योगिक नगरी में रही विश्वकर्मा पूजा की धूम





# खबर संक्षेप

## गरबा के लिए ट्रेनिंग सेशन कल से, मिलेगी फ्री एंट्री



**भिलाई।** दैनिक समाचार पत्र हरिभूमि और आईएनएच न्यूज चैनल के संयुक्त तत्वावधान में इस नवरात्र स्टील क्लब सेक्टर-8 में रास गरबा का आयोजन किया जा रहा है। प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले इस आयोजन को लेकर ट्विनसिटी में खासी चर्चा है। महिलाएं खासी उत्साहित हैं। इस इवेंट के लिए ट्रेनिंग सेशन 19 सितंबर से शुरू हो रहा है। 19 से 23 सितंबर तक दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजे तक एक्सपर्ट्स के माध्यम से प्रशिक्षण दिया जाएगा। बता दें कि रास गरबा और डांडिया के इस आयोजन में एंट्री पूरी तरह से फ्री है। कोई भी इवेंट में शामिल हो सकता है। इस दौरान होने वाली प्रतियोगिता के लिए रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। पंजीयन 0788 - 4091720 और 6267136903 में कराया जा सकता है। इस अवसर पर ट्रेडिश्नल डांडिया, घूमर गरबा, घोघिया गरबा, बारह ताल गरबा, सनेडो, डाकला, इंडो वेस्टर्न डांडिया का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में सर्व समाज कल्याण समिति के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह, स्पर्श हॉस्पिटल, एनटीसी रायपुर एवं बोलबम सेवा समिति के सहयोग से आयोजित किया जा रहा।

## थार की ठोकर से बुजुर्ग की मौत, अपराध दर्ज

**भिलाई।** तेज रफ्तार से आ रहे थार वाहन चालक की लापरवाही के कारण सड़क पार रहे वृद्ध को जोरदार ठोकर मार दिया। हादसे में वृद्ध की मौके पर ही मौत हो गई। खबर लगने पर पुलिस मौके पर पहुंची और चालक को पकड़ा लिया। थार वाहन को जब्त कर लिया गया है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि आदर्श नगर चरोदा निवासी ईश्वर राव सड़क पार कर रहा था। सर्विस रोड पर थार सीजी 04 पीएक्स 6888 के चालक आयुष यादव ने वाहन को लापरवाही पूर्वक चलाया। जिससे ईश्वर राव चपेट में आने से मौत हो गई। थार वाहव इतनी रफ्तार में थी कि तीन वृद्ध को ठोकर मारने के बाद तीन राउंड घूम गई।

## रुआबांधा मार्केट से निगम ने हटाया अतिक्रमण

**भिलाई।** आयुक्त मोनिका वर्मा के निर्देश पर तोड़ू दस्ते ने रुआबांधा सब्जी मार्केट में हो रहे अतिक्रमण को हटाया। तोड़-फोड़ विभाग के प्रभारी अधिकारी दुर्गेश गुप्ता ने ईंट से खड़ी की गई दीवार को ढहाया। साथ ही नागरिकों और फुटकर व्यापारी को आगाह किया है कि बिना अनुमति निर्माण न किया जाए। उल्लेखनीय है कि निगम आयुक्त मोनिका वर्मा रोज की तरह सोमवार की सुबह वार्ड भ्रमण के तहत रूआबांधा सब्जी मार्केट पहुंची थीं। यहां पर नवरात्र के तैयारियां हो रही थी। मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की गई।

# चूहा मारने की दवा खाकर इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचे युवक की इंजेक्शन लगने के बाद मौत, हंगामा

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग



जिला अस्पताल में इंजेक्शन देने के बाद एक युवक की मौत होने का मामला सामने आया है। युवक के मौत के बाद परिजनों ने गलत इलाज का आरोप लगाते हुए अस्पताल में जमकर हंगामा कर दिया।

अस्पताल के कर्मियों को गाली गलौज करते हुए जान से मारने तक की धमकी दी। मिली जानकारी के मुताबिक सिद्धार्थ नगर दुर्ग निवासी प्रभाष सूर्या 23 वर्ष ने मंगलवार की दोपहर चूहा मारने की दवा खा ली थी। उसे अस्पताल में उपचार के लिए दाखिल कराया गया। परिजनों का कहना है कि रात तक उसकी हालत स्थिर थी। लेकिन सुबह 17 सितंबर को सुबह इंजेक्शन देने के बाद उसकी मौत हो गई। अस्पताल के सर्जन ने गैस ना बने इसका इंजेक्शन देने की बात स्वीकारा है। मामले की जांच के लिए 3 डॉक्टरों की टीम बनाई है। वहीं परिजनों के हंगामे के विरोध में कर्मियों ने भी काम बंद कर विरोध जताया। मृतक की मां पूजा सूर्या ने बताया कि 16 सितंबर दोपहर को उनके बेटे ने चूहा मारने की दवा खा ली थी। परिजन उसे तुरंत जिला अस्पताल लेकर गए। डॉक्टरों ने उल्टी कराने के लिए इंजेक्शन दिया। इसके कुछ देर बाद युवक की मौत हो गई।

## परिजनों ने लगाया डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप, जांच के लिए डॉक्टरों की बनी टीम

### प्रसव के बाद महिला की मौत, मचा था हंगामा

जिला अस्पताल में एक दिन पहले प्रसव के दौरान महिला की मौत हो गई थी। कुटेलाभाटा निवासी रुखमणि खिलाड़ी को शुक्रवार की शाम प्रसव के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। परिजनों का आरोप है कि ऑपरेशन में देरी की गई। शनिवार की शाम डॉ. ममता पांडेय की निगरानी में ऑपरेशन हुआ। इसके बाद महिला की तबीयत बिगड़ते गई। रविवार की सुबह उसकी मौत हो गई। मृतका के पति कृष्णा का आरोप है कि महिला को जब हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, तब उसकी सही तरह से जांच नहीं की गई। ऑपरेशन को लेकर रखमणि काफी भयभीत थी। इस तरफ ध्यान नहीं दिया गया। बता दें कि मृतका ने मृत बच्चे को जन्म दिया था।

### इंजेक्शन देने वाली कर्मचारी हुई गायब, अस्पताल से डॉक्टर भी रहे नदारद

परिजनों ने बताया कि इंजेक्शन देने वाली अस्पताल कर्मी भी गायब हो गई। डॉक्टर अब नाम भी नहीं बता रहे हैं। रात भर बेटे ने उनसे बातचीत की थी। अस्पताल प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है। दोषियों के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन भी दिया गया है। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए अस्पताल में पुलिस बल भी तैनात किया गया है। घटना के बाद पूर्व विधायक अरुण वोरा ने परिजनों से बात कर उन्हें समझाने का प्रयास किया। परिजनों ने अस्पताल के कर्मियों से दुर्व्यवहार किया है। अब अपराध दर्ज करवाने के लिए कहा है।



बारिकी से जांच किया जा रहा है। अस्पताल की ओपीडी सेवाएं प्रभावित हुई।

## महिला स्वसहायता समूहों ने जोन अफसरों को भेजी मौके की जानकारी

# वुमेन फॉर ट्री योजना का ऐसा हाल, 10 उद्यानों में मोटर बंद, 3 में बोर नहीं, 3 में बोर है तो मोटर नहीं

देवीलाल साहू ⏭भिलाई

नगर निगम भिलाई का वूमेन फॉर ट्री योजना शुरूआती दौर में ही दिक्कतें झेल रहा है। निगम क्षेत्र के कुल 20 उद्यानों में पेड़ लगाकर उनकी देखभाल करने की जिम्मेदारी महिला स्वसहायता समूहों को सौंपी गई है। जितने भी उद्यानों में इस योजना को अमलीजामा पहनाना है वहां सबसे बड़ी समस्या पानी की है। बिना पानी के पौधों की देखभाल की नहीं जा सकती। हाल यह है कि 10 उद्यानों के सालों से मोटर बंद पड़े हैं। 3 उद्यानों में बोर हैं ही नहीं है। इसी तरह 3 उद्यानों में बोर है तो मोटर नहीं हैं। पाइप लाइन हैं तो टूट-फूट गई है।

उद्यानों की हकीकत की ऐसी रिपोर्ट



### इन उद्यानों में मोटर बंद

**जोन एक :** इस जोन के अंतर्गत एकता पार्क में मोटर बंद है पाईप लाईन नहीं है।सेक्टर 6 एचसीएल उद्यान में मोटर बंद है और पाइप लाइन भी टूटी हुई है। जोन 01 वार्ड नं. 6 प्रियदर्शिनी परिसर त्रिकोण उद्यान में मोटर बंद है। पाइप लाइन भी नहीं है। वार्ड नं. 01 खम्हरिया जुनवानी उद्यान में भी मोटर बंद है।

**जोन दो :** इस जोन के अंतर्गत तीन उद्यानों को वूमन फॉर ट्री योजना में लिया गया है। कृष्णा कुंज उद्यान कुरूद का मोटर बंद है। पाइप लाइन भी क्षतिग्रस्त्र हो गई है। वार्ड क्रमांक 20 श्वेताबंर मंदिर रोड के पास उद्यान का मोटर बंद है और पाइप लाइन भी ठीक करने की जरूरत पड़ेगी। वार्ड 29 अर्जुन नगर दशहरा मैदान के पास उद्यान का भी यही हाल है। मोटर बंद हैं। पाइन लाइन टूट-फूट गई है।

**जोन तीन और चार :** जोन 3 के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 31 जयंती उद्यान को इस योजना में शामिल किया गया है। यहां का मोटर बंद है और पाइप लाइन दुरूस्त करनी पड़ेगी। जोन 4 में वार्ड क्रमांक 48 मिलावट पारा उद्यान में मोटर बंद है। पाइप लाइन को ठीक करनी होगी। वार्ड क्रमांक 43 बापूनगर उद्यान में भी यही समस्या है। जिसकी वजह से स्वसहायता समूह की महिलाओं को दिक्कतें आने लगी है।

### 90 प्रतिशत उद्यानों में पाइप लाइन की डिमांड

वूमेन फॉर ट्री योजना के चिहिंत 90 प्रतिशत उद्यानों में पाइप लाइन बढ़ाने की डिमांड है। इसलिए कि ये उद्यान सालों से यूं की पड़े हुए हैं और उजाड़ हाल में हैं। प्रियदर्शनी परिसर वेस्ट गुलमोहर उद्यान में पाइप लाइन ही टूट-फूट गई है। जोन एक के वार्ड 7 मैत्री विहार उद्यान में भी पाइप लाइन टूटी हुई है। जोन 5 के सुभाष उद्यान में भी यही स्थिति है। जोन 4 के वार्ड 40 मुक्तिधाम छावनी में यही समस्या है।

### पौधों की देखभाल के हिसाब से मिलेगा समूहों को मानदेय

वूमेन फॉर ट्री योजना एक तरह से महिला स्व सहायता समूहों को आर्थिक रूप से संबल बनाने की दिशा में कार्य करना है। समूह पूरे साल भर तक पौधों की देखभाल करेगी। पौधों को संरक्षित करने पर ही समूहों का मानदेय तय होना है। वर्तमान हाल यह है कि बारिश की वजह से गार्डन उजाड़ हाल में हैं। बिना संसाधन के पौधों का देखभाल करना एक चुनौती बन गया है।

### इन उद्यानों में बोर ही नहीं

जोन 1 के अंतर्गत प्रियदर्शनी परिसर का उद्यान उजाड़ हाल में है। यहां महिला स्वसहायता समूहों ने उद्यान के चारों तरफ अशोक के पौधे लगाए हैं। इस उद्यान में बोर ही नहीं है। यही स्थिति जोन क्रमांक 5 के दो उद्यानों का है। यहां वार्ड क्रमांक 65 सेक्टर 10, रोड 24 व 25 पश्चिम स्थित उद्यान में बोर नहीं है। वार्ड क्रमांक 61 सेक्टर 6 रूई मार्केट स्थित उद्यान का भी यही हाल है।

### बोर है तो मोटर नहीं

जोन 1 के अंतर्गत वार्ड 6 प्रियदर्शनी परिसर ब्लॉक 5/15 में बोर पहले से ही है पर मोटर ही नहीं लगा है। वार्ड क्रमांक 4 प्रियदर्शनी परिसर कांपलेक्स वेस्ट कृष्णा उरद्यान के पास उद्यान में बोरिंग है लेकिन मोटर नही डला है। जोन 3 के वार्ड 52 सेक्टर 3 बीआईटी ग्राउंड उद्यान में भी ऐसी ही समस्या हो गई है।

### सभी जोन अध्यक्षों को निर्देश

सभी जोन के उद्यानों में जो भी संसाधन की जरूरत है उसकी सूची हमने संबंधित जोन आयुक्तों को भेज दी है। बिजली, पानी, मोटर पंप संधारण, पैनल संधारण, पाइप लाइन संधारण, फैसिंग आदि के इंतजाम करने के निर्देश दिए हैं।

\- एके तिग्गा, अधीक्षण अभियंता, भिलाई निगम

# हाईवे पर कंटेनर वाहन ने आठ मवेशियों को कुचला, मचा हंगामा, वाहन चालक गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

- विहिप-बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने किया विरोध

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय 19 सितंबर को दुर्ग आने वाले हैं। इस बीच हाईवे पर एक बड़ा हादसा सामने आया है। तेज रफ्तार कंटेनर वाहन ने सड़क पर खड़े आठ मवेशियों को कुचल दिया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। वाहन को जब्त कर लिया। मिली जानकारी के मुताबिक 16 सितंबर की रात कंटेनर राजनांदगांव से दुर्ग की ओर आ रहा था। अंजोरा-नेहरूनगर बायपास रोड के धमधा नाका स्थित टोल के पास 8 मवेशियों को चपेट में लिया गया। सभी गायों की मौके पर मौत हो गई। कंटेनर की रफ्तार काफी तेज थी। चालक की लापरवाही से सड़क किनारे चल रही मवेशियों को चपेट में लिया। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस और सामाजिक संगठनों को सूचना दी। विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं मौके पर पहुंचे। उन्होंने जमकर विरोध प्रदर्शन कर कंटेनर चालक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। कार्यकर्ताओं ने बताया कि लापरवाह चालक पर प्रशासन को कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। कार्यकर्ताओं और प्रशासन की मौजूदगी में मृत मवेशियों को विधिवत दफनाया गया। इस तरह की लापरवाही नहीं करने की चेतावनी दिया है। अगर होने पर आंदोलन किया जाएगा। कोतवाली थाना दुर्ग ने कंटेनर को जब्त कर चालक को हिरासत में लिया है। चालक से पूछताछ की जा रही है कि हादसे के समय वह नशे की हालत में था या नहीं।

## जिले में रात का पारा सामान्य से 5 डिग्री तक कम

**भिलाई।** दक्षिण-पश्चिम मानसून लौटने लगा है। मौसम विभाग के मुताबिक पश्चिमी राजस्थान और कच्छ से शुरुआत हो चुकी है। इधर दुर्ग जिले में भी मानसून की विदाई के आसार हैं। बुधवार को पूरे दिन बादल छाए रहे, लेकिन बारिश नहीं हुई। मौसम वैज्ञानिकों का अनुमान है कि दुर्ग और आसपास के क्षेत्र से मानसून अक्टूबर के दूसरे या तीसरे सप्ताह में ही विदा होगा। तब तक बंगाल की खाड़ी से आने वाली नमी और स्थानीय मौसमी प्रभाव के कारण हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है। बुधवार को जिले का अधिकतम तापमान 32.6 डिग्री रिकार्ड किया गया, जो सामान्य से करीब 1 डिग्री ज्यादा था। इसी प्रकार न्यूनतम पारा 19 डिग्री रहा, जो सामान्य से 5.2 डिग्री तक कम रहा।

# नशे का सौदागर पुलिस गिरफ्त में

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई



नशे के बड़े सौदागर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। खुलासा करते हुए एएसपी ग्रामीण अभिषेक झा ने बताया कि नशे की सामान बेचने पहुंचे युवक को पकड़ने के लिए पहले टीम बनाई गई। मुखबिर की सूचना पर प्रदीप्ती नगर बंशी बिहार बोरसी में नशीली सिरप व गोलियों समेत वैभव खंडेलवाल को चेक किया गया। उसके पास से पुलिस को नशीली प्रतिबंधित गोली व सिरप जो बिना पंजीकृत चिकित्सको के पर्ची के बिना नहीं दी जा है।पुलिस ने जब्त किया है। आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह वैभव फर्मा सिटिकल के नाम से फर्जी लायसेंस बनाया है। आरोपी जीएसटी नो 22 फैक्सपीके 2749 काजा लेकर दवाओं के मैनुफैक्चर सीधे और बिजनेस टू बिजेनेस प्लेटफार्म इंडिया मार्ट से नशे में प्रतिबंधित दवा गोली व दवा ऑनलाईन मंगा कर बेचता है।

पेमेन्ट ई-एकाउन्ट से ऑनलाईन करता है। आरोपी गोलियों व सिरप का सेवन स्वयं करता है। आरोपी वैभव खंडेलवाल कब्जे सिरप जेबस्किन टेबलेट पिएंकोप्लस, अल्प्राजोलम, नाइट्रोटें, निक्टर , नाइट्रेज़पम कुल टेबलेट 17 हजार 208, सिरप 12 नग मोबाइल जब्त किया गया। आरोपी को सीजेएम दुर्ग न्यायालय में पेश किया गया है। घटना मोहन नगर थाना क्षेत्र का है। इस दौरान आईपीएस हर्षित मेहर मौजूद थे।

# इंस्टाग्राम में युवती से दोस्ती फिर की 40 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

- छावनी पुलिस की कार्रवाई, आरोपी युवक पुलिस गिरफ्त में

इंस्टाग्राम से युवती के साथ दोस्ती कर उसे 40 लाख रुपए का ठगी करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया शिक्षक नगर दुर्ग निवासी तुषार गोयल को पुलिस ने पकड़ा है। आरोपी ने युवती से पहले इंस्टाग्राम से दोस्ती किया। उसके बाद युवती को भरोसे में लेकर आरोपी ने 18 लाख रुपये का सोने का जेवरात को धोखे मे रखकर फायनेस कराया। पीड़ित से आरोपी ने सोना चांदी डायमंड व अलग अलग बैंक में



जमा फिक्स डिपॉजिट रकम 26 लाख रुपए को धोखाधड़ी कर निकाल लिया। इसके अलावा आरोपी तुषार ने दो पहिया वाहन, मोबाइल को लेकर ठगी किया। शिकायत के बाद पुलिस ने जांच में पाया कि कार्रवाई से बचने किराया के मकान में रहता था। हिरासत मे लेकर पुछताछ करने पर आरोपी तुषार ने बताया कि युवती से लिए से लिए सोना, चांदी के जेवरता को गिरवी रखा था। जेवरात की करीब 18 लाख रुपए की होगी। आरोपी ने पीड़ित की पत्नी, बेटी से अलग-अलग फायनेंस कराया था। आरोपी के पास से निशानदेही पर जेवरात, वाहन समेत कई सामान जब्त किया गया है।

पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

9300663610, 7489348301

## कृषि उपज मंडी बोर्ड दुर्ग का मामला, स्वीकृति कहीं और की निर्माण कर रहे कहीं और

# कुरुद की अवैध कालोनी में रातों-रात सरकारी मद से बना दी गई सड़क

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

कृषि उपज मंडी बोर्ड दुर्ग के द्वारा सरकारी मद से विकास के नाम पर जमकर बंदरबांट किया जा रहा है। यहां लगभग 4-5 करोड़ रुपए की लागत के 60 विकास कार्य स्वीकृति हुए, लेकिन जिस जगह पर निर्माण होना था वहां निर्माण ना करके कुछ लोगों को फायदा पहुंचाने के लिए उनकी पसंद की जगह पर निर्माण कर रहे हैं। इसका उदाहरण वैशाली नगर विधानसभा अंतर्गत कुरुद और ओम शांति चौक एरिया में देखने को मिला। वार्ड 22 करुद की पार्षद सीमा साहू और उनके पति अजय साहू ने आरोप लगाया कि कृषि उपज मंडी के द्वारा कुरुद गांव से चंदूलाल चंद्राकर शासकीय मेडिकाल कॉलेज रोड को जोड़ने वाली सड़क का सीमेंटीकरण होने था। अधिकारी वहां नापजोख करने भी आए, लेकिन एक सप्ताह पहले बिना उन्हें कोई जानकारी दिए उस सड़क को रातों रात आस्था कालोनी करुद में बना दिया गया। यह कालोनी टीएनसी अप्रूव्ड नहीं है और निगम के रिकार्ड में भी यह अवैध कालोनी है।



अजय साहू का कहना है कि इस कालोनी से लगती कुछ बड़े भूमाफियाओं की कई एकड़ जमीन खाली पड़ी है। वो लोग वहां प्लॉटिंग करना चाहते हैं, लेकिन कोई रास्ता नहीं होने से उनकी जमीन बिक नहीं रही थी। मंडी बोर्ड के अधिकारियों ने मिली भगत करके उन लोगों ने लगभग 20 लाख रुपए की लागत से सरकारी जमीन में सीसीरोड बनवाते हुए कालोनी से जोड़ दी। अब वहां पर काई महंगे दाम पर अवैध प्लॉटिंग होगी और इससे भूमाफियाओं को करोड़ों रुपए का फायदा होगा।

### मंडी के डोमशेड और रोड को बना दिया कहीं और

इसी तरह ओम शांति चौक कैप व जवाहर नगर से जोड़ने वाली किसान सब्जी मंडी के लिए लगभग 40 लाख रुपए की लागत से डोमशेड और सीमेंटीकरण के दो अलग-अलग कार्य स्वीकृत हुए थे। उसे मंडीबोर्ड ने स्पोर्ट्स कांप्लेक्स के पास बनवा दिया।

### सब इंजीनियर ने स्वीकार की गलती

नियमों को ताक में रखकर निर्माण कराने वाली मंडी बोर्ड की सब इंजीनियर योगिता जायसवाल ने माना की निर्माण का स्थल बदला है। उन्होंने कहा कि यह सब उच्चाधिकारियों के कहने पर किया गया है।

### अधिकारी एक दूसरे पर कर रहे दोषारोपण

जब इस बारे में मंडी बोर्ड के एसडीओ प्रवीण कुमार पाण्डेय से बात की गई तो उन्होंने इसी जिम्मेदारी मंडी बोर्ड के प्रभारी सचिव महेश चंद्रा के ऊपर डाल दी। वहीं महेश चंद्रा ने कहा कि उनका काम टेंडर लगाकर देना है। निर्माण ईई, एसडीओ और सब इंजीनियर करवाते हैं। उन्हें कोई अधिकार नहीं है कि बिना शासन की अनुमति के स्थल परिवर्तन करके निर्माण दूसरी जगह करें। इसकी जांच की जाएगी और नियमानुसार कार्रवाई होगी।

### निगम के अधिकारियों को इसकी जानकारी ही नहीं

जिस कालोनी में 20 लाख रुपए की लागत से सीसी रोड बनी है उसके बार में निगम के अधिकारियों को पता ही नहीं है। जोन 2 की आयुक्त येशा लहरे का कहना है कि आस्था कोलनी निगम के रिकार्ड में अवैध है। उन्हें रोड बनाने के बारे में कोई जानकारी नहीं है। वहीं निगम आयुक्त राजीव पाण्डेय ने भी इस बारे में कोई जानकारी होने से मना किया है।

इंडियन नर्सिंग कौंसिल एवं छ.ग. नर्सेस रजिस्ट्रेशन कौंसिल से मान्यता प्राप्त
पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त

बी.एस.सी. नर्सिंग
(04 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता :
बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण बायोलॉजी विषय एवं नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण

100% CAMPUS PLACEMENT

पोस्ट बेसिक बी.एस.सी. नर्सिंग
(02 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता : जी.एन.एम.उत्तीर्ण एवं नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण

जी.एन.एम. नर्सिंग
(03 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता :
बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण



TEAM CREATIVE

रस्तोगी कॉलेज ऑफ नर्सिंग
मॉडल टाउन, नेहरू नगर (पूर्व) भिलाई, जिला - दुर्ग (छ.ग.)
9300558900, 9300509100

हरिभूमि
रायपुर, गुरुवार 18 सितंबर 2025
लाइव
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
7747020002, Message at - 9755819129



क्षमावणी पर्व हमें क्षमा करने और क्षमा मांगने का देता है संदेश, जप, तप और कठिन परिश्रम से मिलते हैं महान अवसर

**लाइव इवेंट**

## शतरंज प्रशिक्षण शिविर का समापन प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित




**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर चयनित छत्तीसगढ़ के शतरंज खिलाड़ियों के लिए आयोजित 7 दिवसीय शतरंज प्रशिक्षण शिविर का सफल समापन होटल बैबिलोन इन हुआ। इस शिविर का मार्गदर्शन देश के प्रतिष्ठित ग्रैंड मास्टर प्रवीण थिपसे ने किया। मुख्य अतिथि सीए ओपी ने कहा कि शतरंज केवल खेल नहीं, बल्कि अनुशासन, धैर्य और सोचने की क्षमता का माध्यम है। उन्होंने छत्तीसगढ़ के सभी उद्योगपतियों और समाजसेवियों से संघ का सहयोग करने की अपील की तथा भविष्य में भी इस प्रकार के निःशुल्क सामाजिक आयोजनों में संघ को सहयोग करने का आश्वासन दिया।

विशिष्ट अतिथि एवं सह-प्रायोजक भूपिंदर सिंह खनूजा ने कहा कि ऐसे आयोजन न केवल बच्चों की खेल प्रतिभा को निखारते हैं बल्कि उनके आत्मविश्वास को भी बढ़ाते हैं। मंचासीन छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के महासचिव वीके राठी ने कहा कि इस शिविर से बच्चों को केवल खेल की बारीकियां ही नहीं, बल्कि जीवन मूल्यों को भी सीखने का अवसर मिला है। संघ का उद्देश्य है कि छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी अलग पहचान बनाएं। अध्यक्ष राघवेन्द्र सिंघानिया ने सभी बच्चों को भविष्य के राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट्स के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर विशेष रूप से सीएम रवि कुमार, ईश्वर सिंह राजपूत, विनोद शर्मा, आईए अनीस अंसारी, एफए रोहित यादव सहित अन्य मौजूद थे।

**सिटी इवेंट**

## भिलाई-दुर्ग के युवाओं ने कुआंधास वॉटरफॉल साल्हेवारा में की ट्रैकिंग



**दुर्ग।** यूथ हॉस्टल्स एसोसिएशन ऑफ इण्डिया दुर्ग भिलाई इकाई एवं राजनांदगांव इकाई के संयुक्त तत्वावधान में कुआंधास वॉटरफॉल कोपरी साल्हेवारा जिला खैरागढ़ में एक दिवसीय ट्रैकिंग सह ट्रेनिंग सम्पन्न हुआ। इस आयोजन में दुर्ग भिलाई, रायपुर और राजनांदगांव से सभी आयु वर्ग के कुल पचपन स्त्री पुरुष सदस्यों ने हिस्सा लिया। भिलाई इकाई के प्रेसिडेंट ऋषिकान्त तिवारी एवं चेयरमेन के. सुब्रमण्यम ने बताया कि सदस्यों ने सर्वप्रथम डोंगेश्वर महादेव चोड़राधाम के दर्शन किया। वहां के खूबसूरत प्राकृतिक सौन्दर्य से सभी मंत्रमुग्ध हो गए। डोंगेश्वर महादेव के वॉटरफॉल और शीतल वातावरण ने सभी का मन मोह लिया। राजनांदगांव संयोजक मिनेश मिश्रा ने बताया कि डोंगेश्वर महादेव से साल्हेवारा तक का मार्ग अत्यन्त मनमोहक है। एक ओर ऊंची ऊंची पहाड़ियों और दूसरी ओर गहरी खाइयों के बीच घुमावदार सर्पिली घाटियों से गुजरना सदस्यों के लिए बहुत ही रोमांचक रहा। वाइस प्रेसिडेंट सुधीर अवधिया एवं कोषाध्यक्ष हेमलाल देवांगन ने बताया कि साल्हेवारा से मध्यप्रदेश में प्रवेश कर पुनः छत्तीसगढ़ में स्थित कुआंधास वॉटरफॉल तक पहुंचना बहुत ही रोमांचकारी रहा। साल्हेवारा से लगभग पन्द्रह किमी दूर छत्तीसगढ़ का सीमान्त गांव कोपरी प्रकृति की शान्त गोद में बसा एक बेहद खूबसूरत जगह है। यहां चारों ओर हरियाली , प्रदूषणमुक्त प्रकृति का शुद्धतम सौन्दर्य और प्राकृतिक विशुद्ध प्राणवायु से सभी सदस्य बहुत प्रसन्न हुए। कोपरी से तीन किमी का मार्ग बहुत ही जोखिम भरा और खतरनाक है। डॉ. जयप्रकाश साव एवं हरदेव सिंह गिल के अनुसार वॉटरफॉल पहुंचते ही सभी सदस्य अपने रोमांच की चरम पर थे। यह एक बेहद दुर्गम और बीहड़ जगह है, जहां स्थानीय मार्गदर्शक और समूह के बिना जाना सम्भव ही नहीं है। सभी सदस्यों ने यहाँ वॉटरफॉल में जी भरकर मस्ती किया। कोटेश्वर राव एवं सतानन्द तिवारी ने बताया कि अन्तिम पड़ाव बेतालरानी घाटी रहा। इस विहंगम घाटी की खूबसूरती मन मोह लेती है। इस अवसरपर ओमप्रकाश पौनीकर, पुष्पा पौनीकर, एस. कोटेश्वर राव, राजेश मराठे, संजय दवे, राजश्री सिंगारपुतले, सुनीति पैकरा, कालीचरण बिश्वास सहित अन्य मौजूद थे।

## शिक्षक सम्मान समारोह में शामिल हुए विधायक



**दुर्ग।** ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम हनोदा में आयोजित शिक्षक सम्मान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर सम्मिलित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे ने की। विशेष अतिथि के रूप में जनपद सदस्य जितेंद्र टंडन, ग्राम पंचायत सरपंच लक्ष्मी साहू और शाला विकास प्रबंधन समिति अध्यक्ष परमानंद चंद्राकर उपस्थित रहे। उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षक-शिक्षिकाओं को शाल, श्रीफल और प्रतीक चिन्ह के साथ सम्मानित किया गया। यह आयोजन का 21वां वर्ष है। सम्मानित शिक्षिका डॉक्टर प्रज्ञा सिंह का भी सम्मान किया गया।

सातवें दिन की कथा में श्रोताओं को राम भरत मिलन और चित्रकूट की कथा सुनाई जाएगी

# रामकथा : बड़ा वह नहीं जिसे जगत बड़ा मानता है, बल्कि वह है जो जगत के प्रत्येक व्यक्ति में ढूंढता है बड़प्पन

भिलाई। आईटीआई मैदान खुर्सीपार में राजन महाराज के श्रीमुख से आयोजित श्रीराम कथा महिमा के पंचम दिवस कथा में बुधवार को विशिष्ट श्रोता के रूप में दुर्ग रेंज के आईजी रामगोपाल गर्ग, आयुक्त राजीव पांडे, बीजेपी के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रविशंकर सिंह, शंकरा ग्रुप के संस्थापक आईपी मिश्रा सहित अन्य प्रमुख रूप से मौजूद थे। छठवें दिन कथा की शुरुआत अयोध्या से हुई, जिसमें गोस्वामी तुलसी दास जी के तीन श्लोकों का वर्णन किया और उसका अर्थ व्यवहारिक जीवन से जोड़कर बताया। उन्होंने कहा प्रशंसा करने का स्वभाव नहीं तो बैकुंठ में कमी ढूंढेंगे, बड़ा वह नहीं जिसे जगत बड़ा मानता है, बल्कि बड़ा वह है जो जगत के प्रत्येक व्यक्ति में बड़प्पन ढूंढता है। जीवन किया गया सत्कर्म ही हमें प्रतिष्ठा दिलाता है, यह प्रतिष्ठा सदैव अक्षुण्ण रहती है।



**भिलाई।** कथा वाचक राजन महाराज ने कहा कि जीवन में प्रसन्न रहना है तो हर परिस्थिति स्वीकार करने का स्वभाव बनाएं। किसी परीक्षा में एक दो नंबर कम आ गए तो इससे निराश नहीं नहीं होना चाहिए। मार्कशीट हमारी योग्यता नहीं बता सकती दुनिया में कई ऐसे लोग है जो अनपढ़ होकर भी जीवन में कई महान कार्य किया है। उन्होंने कहा अपने कर्म को ईमानदारी से करना ही भजन है। यदि महिलाएं ईमानदारी से भोजन बनाती है तो वह भी भजन का ही एक प्रकार है। रामचरित मानस को रामचरित मानस लाल कपड़े में लपेटकर आरती उतारने से आगे बढ़िए उसे रोज पढ़िए और जीवन में उतारिए। उसके किताब से का लाभ तभी प्राप्त होगा जब किताब की लिखी बाते किताब से निकलकर जीवन में दिखे। जनमानस में दिखना चाहिए। हर दिन रामचरित मानस की एक चौपाई पढ़ें। यदि 24 घंटे में हम एक मिनट भी सनातन धर्म के लिए न निकाल सकें तो हम मनुष्य कहलाने के अधिकारी नहीं। राजन महाराज ने श्रोताओं को सूचित करते हुए कहा कि गुरु दीक्षा के बिना राम नाम जपना सौ प्रतिशत काम करेगा। आप राम नाम का जाप करते रहें वहीं आपको आपके सदगुरु के निकट ले जाएगा। लेकिन जितना शीघ्र हो सके हमें गुरुदेव की शरण में चले जाएं। जीवन को परमात्मा के ओर मोड़ देता है। मेरे जैसे एक कारखाना चलाने वाले को राम की शरणागति मिल सकती है तो आप सभी क्यों नहीं मिलती। गुरु का अर्थ बताते हुए उन्होंने कहा जो जीवन की निराशा को आशा में बदल दे वही हमारे सदगुरु हैं। जो इस लोक के साथ हमारे उस लोक को भी व्यवस्थित कर दें वही सद्गुरु है। सदगुरु के बिना हमें ईश्वर की कृपा प्राप्त नहीं हो सकती। जीवन आनंद फाउंडेशन भिलाई एवं भारतीय जनता पार्टी के नेता विनोद सिंह के संयोजन में यह रामकथा आयोजित की जा रही है। कार्यक्रम में अमित श्रीवास्तव डायरेक्टर मेडेक्स ग्रुप, उपकार चंद्राकर, गुंजन प्रजापति, स्मिता दौडके, वीणा चंद्राकर, पीयूष मिश्रा सहित अन्य प्रमुख रूप से शामिल हुए।

### अयोध्या कांड में भगवान राम को राजपाठ सौंपने की योजना के बारे में बताया

अयोध्या कांड में आगे बढ़ते हुए कथा में पूज्य राजन जी ने राजा दशरथ द्वारा अपना राज पाठ श्री राम की को सौंपने की योजना के बारे में बताया। महाराज जी ने बताया कि कैसे वशिष्ठ जी महाराज से राजा दशरथ ने अयोध्या में राजा राम के राजतिलक के लिए मूर्हत निकालने कहा एवं गुरुवर ने 14 वर्ष तक कोई मुहूर्त न होने के बावजूद भी राजा दशरथ जी की आतुरता को देखते हुए तिथि बता दी। कैकई और मंथरा संवाद राम जी के वनवास का प्रसंग सुनाया। इसके पश्चात महाराज जी ने राम जी एवं केवट निषादराज गुहा के संवाद का भक्तिमय वर्णन किया। एक तरफ भगवान श्री राम जी केवट जी से निवेदन करते है शीघ्र गंगा पार कराने का दूसरी और केवट जी जिद करने लगते है नौका पर तभी बैठाऊंगा जब आप अपनी चरण धोने देंगे। इस संवाद को इतना सुंदर तरीके चित्रण किया कि श्रोताओं के आंसू छलक गए। श्रोता भाव विभोर हो गए। सातवें दिन की कथा में श्रोताओं को राम भरत मिलन और चित्रकूट की कथा होगी।

## स्वच्छता को जिंदगी का हिस्सा बनाएं खिलाड़ी : साव



**रायपुर।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग के द्वारा "स्वच्छता ही सेवा – 2025" अभियान का शुभारंभ बुधवार को हुआ। स्वामी विवेकानंद कोटा स्टेडियम में उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उनके जन्मदिवस की शुभकामनाएं दी एवं खिलाड़ियों, खेल संघ के पदाधिकारियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वच्छता के लिए शपथ दिलाई। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से स्टेडियम में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें खिलाड़ियों ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया। मुख्य अतिथि सहित खिलाड़ियों तथा अधिकारियों ने कोटा स्टेडियम प्रांगण में झाड़ू लगाकर सफाई अभियान का शुभारंभ किया तथा स्वच्छता का संदेश दिया। स्टेडियम स्थित स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पण किया गया और खिलाड़ियों को हैंडवाश का वितरण किया गया। संचालक खेल एवं युवा कल्याण तनुजा सलाम ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि स्वच्छता ही सेवा का मुख्य उद्देश्य युवाओं एवं नागरिकों में स्वच्छता के महत्व के प्रति जागरूकता फैलाना और उन्हें "स्वच्छ परिसर – स्वस्थ समाज" का संदेश देना है। कार्यक्रम में खेल एवं युवा कल्याण विभाग के संयुक्त सचिव सुखनाथ अहिरवार, रश्मि ठाकुर उपसंचालक, रवि अग्रवाल उप संचालक वित्त, जितेंद्र नायक युवा कल्याण अधिकारी, शिवराज साहू खेल अधिकारी, प्रवेश जोशी खेल अधिकारी, सुशांत पॉल खेल अधिकारी, गिरीश शुक्ला खेल अधिकारी, छत्तीसगढ़ एथलेटिक संघ के जी एस बाम्बरा, छत्तीसगढ़ तीरंदाजी संघ के सचिव आयुष मुरारका, वॉलीबॉल एसोसिएशन से मोहम्मद अकरम खान, क्रीड़ा भारती से संजय शर्मा, केनोइंग कयाकिंग एसोसिएशन से प्रशांत रघुवंशी, स्कूल शिक्षा विभाग से संजय शुक्ला, खेल एवं युवा कल्याण विभाग के अधिकारी कर्मचारी, खेल अकादमी रायपुर के खिलाड़ी, प्रशिक्षक एवं भारी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित थे।

## सेक्टर-6 में महाराजा अग्रसेन जयंती की शुरुआत, आनंद मेला में बिखरी खुशियां



**भिलाई।** अग्रसेन जनकल्याण समिति द्वारा सेक्टर 6 भिलाई में आयोजित महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव का बुधवार को भव्य शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर आनंद मेला में जमकर खुशियां बिखरी।

आनंद मेला का उद्घाटन मुख्य अतिथि समाजसेवी अशोक जैन ने किया। आनंद मेला में मनोरंजक खेल प्रतियोगिताएं, पारंपरिक लजीज व्यंजन और रंगारंग स्टॉल्स आकर्षण का केंद्र रहे। पारंपरिक व्यंजनों का महिलाओं, बच्चों और पुरुषों ने खूब लुफ्त उठाया। आनंद मेला में अग्रवाल समाज के सभी आयु वर्ग के लोग उत्साह के साथ शामिल हुए। जिससे यह आनंद मेला सामाजिक एकजुटता की बड़ी मिसाल बनी। इस अवसर पर अग्रसेन जनकल्याण समिति सेक्टर 6 भिलाई के अध्यक्ष बंशी अग्रवाल, महासचिव अनिल अग्रवाल अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।

### आज के कार्यक्रम

18 सितम्बर को ब्लड डोनेशन कैम्प एवं क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। मुख्य अतिथि समाजसेवी सुरेश जैन होंगे। 19 सितम्बर को विभिन्न खेल प्रतियोगिताएँ होंगी, जबकि 20 सितम्बर को विशेष रूप से महिलाओं और बच्चों की प्रतियोगिताएँ आयोजित की किए गए हैं। महोत्सव में 21 सितम्बर की सुबह 9:30 बजे से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा में महाराजा अग्रसेन जी की झांकियाँ, सांस्कृतिक झलकियाँ और पारंपरिक उत्साह आकर्षण का केंद्र रहेंगे। 22 सितम्बर को अग्रसेन चौक, नेहरू नगर में महाराजा अग्रसेन जी की पूजा-अर्चना की जाएगी। सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ समापन होगा।

आईआईटी भिलाई में एसईसीआर लोको शेड कर्मचारियों को दिया जा रहा प्रशिक्षण

# आईआईटी के एक्सपर्ट देंगे रेलवे लोकशेड के कर्मचारियों को एआई आधारित टेक्निकल जानकारियां, खामियों को सुधार में मिलेगी मदद

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** आईआईटी भिलाई के विद्युत अभियांत्रिकी विभाग ने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के सहयोग से एसईसीआर के लोकोशेड कर्मचारियों का ज्ञान संवर्धन फेज-II शीर्षक से एक 10 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत की।

यह कार्यक्रम 26 सितम्बर तक चलेगा, जिसका उद्देश्य इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव के संचालन और रखरखाव से जुड़े तकनीशियनों की तकनीकी दक्षताओं को सुदृढ़ करना है। यह पहल जुलाई-अगस्त 2025 में सम्पन्न हुए प्रथम चरण की सफल समाप्ति के बाद की गई है। उस चरण में पर्यवेक्षकों (सुपरवाइजर्स) को प्रशिक्षित किया गया था, जबकि वर्तमान चरण विशेष रूप से तकनीशियनों के लिए तैयार किया गया है। इसमें मैदान-स्तरीय समस्या समाधान, संचालन पद्धतियाँ और रखरखाव पर अधिक ध्यान केंद्रित किया गया है। उद्घाटन समारोह में डायरेक्टर राजीव प्रकाश, रेलवे के अधिकारी पीयूष गुप्ता, डीन अनुसंधान एवं विकास संतोष विश्वास प्रमुख रूप से मौजूद थे।




### एआई आधारित फॉल्ट डिटेक्शन के लिए अपडेट होने की जरुरत

राजीव प्रकाश, निदेशक आईआईटी ने उद्योग-शैक्षणिक सहयोग के माध्यम से राष्ट्रीय विकास में संस्थान की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि भारतीय रेलवे की दीर्घकालिक प्रगति के लिए एआई आधारित प्रेडिक्टिव मेंटेनेंस और फॉल्ट डिटेक्शन जैसी स्वदेशी तकनीकों में आत्मनिर्भर होना आवश्यक है। उन्होंने हल्के डिब्बों (लाइटवेट कोचेज़) और रेलवे आधुनिकीकरण से जुड़े आईआईटी भिलाई के अनुसंधानों का भी उल्लेख किया। रेलवे अधिकारी पीयूष गुप्ता ने आईआईटी और भारतीय रेलवे के बीच 2012 से चली आ रही साझेदारी को याद किया।

### विकसित भारत की दिशा में बढ़ रहे कदम, ऐसी ट्रेनिंग आवश्यक

संतोष विश्वास ने कहा कि ऐसे ट्रेनिंग प्रोग्राम विकसित भारत की दिशा में एक कदम है। उन्होंने नवाचार-आधारित स्टार्टअप्स को प्रोत्साहित करने और क्रियान्वयन-उन्मुख परियोजनाओं को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर जोर दिया। डॉ. शशांक कुर्म ने आभार व्यक्त किया। साथ ही उद्देश्यों को भी परिभाषित किया। उन्होंने कहा कि रेलवे-विशिष्ट मॉड्यूल्स को आईआईटी भिलाई की शैक्षणिक विशेषज्ञता के साथ जोड़ने के उद्देश्य से यह प्रशिक्षण प्रोग्राम आयोजित किया जा रहा है। 26 सितंबर तक चलने वाले इस प्रोग्राम में रेलवे के अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया जाएगा।

### लोकशेड टेक्नीशियनों का नॉलेज बढ़ाने के लिए ट्रेनिंग

डॉ. ललित कुमार साहू, कार्यक्रम समन्वयक ने इस 10 दिनों तक चलने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रम के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी। उन्होंने हो रहे प्रयासों और पहल की सराहना की। कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोकोशेड तकनीशियनों के ज्ञान में वृद्धि करना और उनके कौशल को विकसित करना है। ताकि ब्रेकडाउन को कम किया जा सके। रखरखाव को अत्यंत कुशल तरीके से अनुकूलित किया जा सके। यह कार्यक्रम सीखने और सहयोग की यात्रा की शुरुआत का प्रतीक है। डॉ. कृष्ण मुरारी, अध्यक्ष, विद्युत अभियांत्रिकी विभाग, आईआईटी भिलाई ने कार्यक्रम की सैद्धांतिक ज्ञान और रेलवे के व्यावहारिक अनुभवों को जोड़ने की भूमिका पर बल दिया। उन्होंने बताया कि आईआईटी भिलाई के प्राध्यापकों और एसईसीआर विशेषज्ञों द्वारा संयुक्त रूप से तैयार किए गए प्रशिक्षण मॉड्यूल प्रतिभागियों को इंटरैक्टिव सत्र, समस्या समाधान अभ्यास और नवीन तकनीकों का अनुभव प्रदान करेंगे।

समाज इवेंट

# देवांगन समाज का युवक-युवती परिचय सम्मेलन 30 नवंबर को



**भिलाई।** देवांगन समाज का जिला स्तरीय निःशुल्क विशाल युवक युवती परिचय सम्मेलन एवं सामूहिक विवाह का आयोजन भिलाई में 30 नवंबर को होगा। युवक-युवती परिचय के साथ ही पुनर्विवाह के इच्छुक तलाकशुदा, विधवा एवं विधुर को भी जीवन साथी चुनने का अवसर मिलेगा। साथ ही एक स्मारिका का भी प्रकाशन किया जाएगा, जिसमें देवांगन समाज के विवाह योग्य युवक युवतियों का विवरण, समाजोपयोगी लेख-कविताएं एवं अन्य उपयोगी जानकारियां प्रकाशित की जाएगी।इस आयोजन में पुनर्विवाह करने के इच्छुक तलाकशुदा, विधवा अथवा विधुर को भी अपना परिचय देकर अपने जीवन साथी चुनने का अवसर मिलेगा। जानकारी देते हुए दुर्ग जिला देवांगन समाज के अध्यक्ष पुरानिकराम देवांगन ने बताया कि इस आयोजन की रूपरेखा तैयार करने बैठक लेकर जिम्मेदारियां सौंपी गई। स्मारिका प्रकाशन हेतु समाजोपयोगी लेख कविताएं आदि संकलन के लिए प्रभारी देवांगन जन कल्याण समिति भिलाई के अध्यक्ष घनश्याम कुमार देवांगन, परिचय सम्मेलन के आयोजन हेतु प्रभारी युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष आशीष देवांगन एवं टीम, सामूहिक विवाह आयोजन हेतु प्रभारी महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष श्रीमती कीर्ति देवांगन एवं टीम, दुर्ग जिला के बाहर अन्य जिलों में संपर्क के लिए प्रभारी धनुष देवांगन को जिम्मेदारी सौंपी गई है। सम्पूर्ण आयोजन को सफल बनाने हेतु दुर्ग जिला देवांगन समाज के अंतर्गत आने वाले सभी ब्लाक, मंडल एवं ग्राम इकाई के पदाधिकारियों का सहयोग लिया जा रहा है।उन्होंने समाज के सभी वर्ग के लोगों से अपील की है कि वे अपने परिवार के विवाह योग्य युवक युवतियों को अधिक से अधिक संख्या में इस परिचय सम्मेलन में शामिल होने हेतु प्रेरित करें। उन्होंने बताया कि निशुल्क सामूहिक विवाह में अधिक से अधिक जोड़ों का विवाह हो, इसके लिए प्रयास किया जा रहा है। सामूहिक विवाह में शामिल होने वाले जोड़ों को नई गृहस्थी बसाने हेतु आवश्यक सामग्री जिला देवांगन समाज की ओर से भेंट की जाएगी। समाज द्वारा विवाह संबंधी सभी प्रमुख नेंग एवं व्यवस्था सामाजिक परंपरा के अनुसार पूरा किया जाएगा। आयोजन में दुर्ग जिला के अलावा छत्तीसगढ़ एवं निकटतम राज्यों के स्वजातीय परिवार भी शामिल हो सकते हैं। आयोजन को सफल बनाने के लिए दुर्ग जिला देवांगन समाज के अध्यक्ष पुरानिक राम देवांगन एवं वरिष्ठ पदाधिकारियों के मार्गदर्शन में जिला देवांगन समाज युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष आशीष देवांगन एवं महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष श्रीमती कीर्ति देवांगन के द्वारा अपने पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ जिले के सभी ब्लाक, मंडल एवं इकाई स्तर पर बैठकें लेकर सघन जनसंपर्क किया जा रहा है। इसी संदर्भ में परमेश्वरी भवन प्रगति नगर रिसाली में बैठक का आयोजन संपन्न हुआ। बैठक में उपस्थित जिला देवांगन समाज के पदाधिकारियों का देवांगन जन कल्याण समिति की ओर से सम्मान किया गया।

विश्व मैत्री दिवस पर जैन त्रिवेणी तीर्थ में आयोजित कार्यक्रम में सांसद विजय बघेल हुए शामिल

# क्षमावणी पर्व हमें क्षमा करने और क्षमा मांगने का देता है संदेश, जप, तप और कठिन परिश्रम से मिलते हैं महान अवसर

**भिलाई।** जैन समाज भिलाई के द्वारा विश्व मैत्री दिवस के उपलक्ष्य में सामूहिक क्षमावाणी पर्व का आयोजन किया गया। समाज के लोगों ने इस अवसर पर पिछले वर्ष भर के दौरान जाने अनजाने में विचार, वाणी और व्यवहार से किसी को दुख, ठेस पहुंचने के लिए सामूहिक रूप से क्षमा याचना की। कार्यक्रम में सांसद विजय बघेल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। सांसद विजय बघेल ने भगवान महावीर स्वामी के छायाचित्र के समक्ष जैन मिलन जैन ट्रस्ट के पदाधिकारी के साथ मंगलदीप प्रज्वलित किया। सभी ने अहिंसा परमो धर्म का जय कारा लगाया। बघेल ने अपने ओजस्वी वाणी से सभी को क्षमा वाणी का पाठ कराया। विजय बघेल ने कहा कि हमारे देश में जैन धर्म महान समाज है, जितना कठिन तप और उपवास जैन मुनि करते हैं। उससे हमें सीखना चाहिए।हम जीवन में कठिन तप और साधना से महान अवसर प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि क्षमावणी पर्व हमें, क्षमा करने और क्षमा मांगने का संदेश देता है। जैन मिलन का यह क्षमापना पर्व जैन भवन सेक्टर 6 में आयोजित किया गया। नेहरू नगर, सुपेला, वैशाली नगर, रामनगर, खुर्सीपार, टाउनशिप क्षेत्र से बड़ी संख्या में समाज के लोग कार्यक्रम में शामिल हुए।



### जैन समाज की तीनों इकाइयों के मंदिर एक जगह स्थापित

जैन भवन सेक्टर 6 में दिगंबर, श्वेतांबर और स्थानकवासी जैन समाज की तीनों इकाइयों के मंदिर स्थित हैं। पूजा की जाती है। जैन मिलन के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में समाज की शिक्षा, कला, संस्कृति के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रदर्शन करने वाली विभिन्न प्रतिभाओं का सम्मान भी किया गया। प्रारंभ में 10 दिनों तक उपवास रखने वाले उपवासकर्ताओं का सम्मान किया गया। इसके साथ विभिन्न कक्षाओं में उल्लेखनीय प्रदर्शन करने वाले समाज के छात्र-छात्राओं संदीप कोचर, नेहा कोचर, आयुष जैन, काशीष जैन का का स्वर्गीय सुरेंद्र कुमार जैन की स्मृति में सम्मान किया गया। वहीं जैन मुनि आचार्य विद्यासागर की जीवंत तैल्य चित्र बनाने वाली बच्ची का भी सम्मान किया गया।

### पर्व देता है समाज में समरसता सद्भावना और भाईचारे का संदेश

सांसद विजय बघेल ने महावीर स्वामी और आचार्य विद्यासागर को वंदन करते हुए कहा कि तप, साधना, उपवास बेहद कठिन तप है। हमारे महामना जैन मुनियों को इस कठिन तप और साधना से अधिक मजबूती मिली है। जैन मुनियों से हमें, सब के दर्द को बांटने और सब की पीड़ा को समझने तथा सहने की सीख मिलती है। जैन समाज ने हमें सिखाया है कि समाज के प्रत्येक वर्ग के लोगों की किस तरह से सेवा की जानी चाहिए। हमारे मन में सेवा का भाव, हमेशा किस तरह से जीवित रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि क्षमावणी पर्व हमें आपसी कटुता को भुलाकर, क्षमा करने और क्षमा मांगने का संदेश देता है। यही पर्व समाज में समरसता, सद्भावना और भाईचारा बनाए रखने का प्रेरणास्रोत है। सांसद विजय बघेल ने कहा कि मैं भी जैन समाज के सभी भाइयों के साथ उनके प्रेम व्यवहार से जुड़ा हुआ सदस्य हूं मुझे बहुत सम्मान और प्यार समाज से मिलते रहा है।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों के प्रतिभागियों का किया गया सम्मानित





इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देने वाले समाज के युवा, बच्चों और महिलाओं को भी सम्मानित किया गया। सांसद विजय बघेल ने सभी उपवासकर्ताओं का तिलक लगाकर व माला पहनकर स्वागत किया। आयोजन में अध्यक्ष मुकेश जैन, संजय चतुर जैन, प्रचार-प्रसार प्रभारी प्रदीप जैन बाकलीवाल, प्रशांत जैन कमलचंद जैन, जिनेंद्र कुमार जैन, अशोक पहाड़िया, सुनील जैन, विनोद जैन, संदीप जैन, कमल जैन, भागचंद जैन, डॉ. सुधीर कुमार, प्रदीप नहर, प्रमोद जैन, राजेश कुमार जैन, अनुपम जैन सहित अन्य मौजूद थे। पर्यूषण पर्व के दौरान आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया।

सिटी लाइव

# राजभाषा दिवस पर काव्यपाठ साहित्यकार हुए सम्मानित



**भिलाई।** मुक्तकंठ साहित्य समिति के तत्वावधान में आयोजित राजभाषा हिन्दी दिवस पर परिचर्चा एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ. अर्चना झा थीं। अध्यक्षता साहित्यकार व मुक्तकंठ के अध्यक्ष गोविंद पाल ने की। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथियों में वरिष्ठ कवि, साहित्यकार और पुलिस अधीक्षक(सीआईडी) नरेंद्र कुमार सिक्केवाल, कथाकार, साहित्यकार, पत्रकार शिवनाथ शुक्ल, प्रोफेसर डॉ. सुचित्रा शर्मा उपस्थित थे। डॉ. अर्चना झा एवं विशिष्ट अतिथि शिवनाथ शुक्ल को समिति की ओर से शॉल, श्रीफल व राजभाषा सम्मान का प्रतीक चिह्न भेंटकर कर सम्मानित किया गया। आकाशवाणी उद्घोषिका पूनम ठाकुर इस अवसर पर विशेष रूप से उपस्थित थीं। लेखिका कवियित्री नेहा वैष्णव की लिखित पुस्तक डिकोडिंग गीता विदिन यू जो हिंदी में है, उसका विमोचन किया गया। कार्यक्रम का संचालन शीशलता शालू ने किया। प्रमुख रूप से दुलाल समाद्दार, संतोष जाटव, जाविद हसन, शंकर भट्टाचार्य, इस्माइल आजाद, डॉ. शीतल चन्द्र शर्मा, जलज ताम्रकार आदि ने काव्य पाठ प्रस्तुत किया।

अग्रसेन जयंती पर विविध प्रतियोगिता

# देवी देवताओं के विभिन्न अवतारों का प्रस्तुत किया सजीव चित्रण



**दुर्ग।** अग्रसेन जयंती उत्सव के कारण अग्रवाल समाज के युवाओं एवं महिलाओं सहित सभी वर्ग में उत्साह का माहौल है। बुधवार को महिलाओं ने देवी देवताओं की थीम पर प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें महिलाओं एवं युवतियों द्वारा मां काली का रौद्र रूप, अर्जुन एवं कृष्ण नरसिंह अवतार, मीरा, शंकर, विट्ठल भगवान, अर्जुन को गीता सुनाते कृष्ण सहित अनेक देवी देवताओं का सजीव चित्रण प्रस्तुत किया। समाज के विजय अग्रवाल एवं संजय रुंगटा ने बताया की प्रतिदिन विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन अग्रसेन भवन में किया जा रहा है। अग्रवाल समाज के अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल व संजय गर्ग ने बताया कि सभी प्रतिभागियों एवं समाज के सदस्यों हेतु भवन में स्वल्पाहार की व्यवस्था भी की गई है। रूही अग्रवाल, संगीता अग्रवाल, प्रियंका अग्रवाल ने बताया कि महिला विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। देवी देवताओं का अवतरण अग्रसेन भवन में नजर आया। युवा मंडल के अमूल बंसल, सुमित रूंगटा, रौनक गर्ग, अतुल जिंदल ने बताया कि बच्चों एवं युवा वर्ग के लिए फ्रॉग रेस, ट्राई साइकिल रेस, बाधा दौड़, बॉडी पार्ट्स, पेंटिंग, ग्लास गेम हॉटस्पॉट गेम आयोजित किए गए। सभी बच्चों ने उत्साह से सभी प्रतियोगिताओं में भाग लिया।।



महिला मंडल अध्यक्ष सरिता गोयल एवं अनिता अग्रवाल ने बताया कि महाराजा अग्रसेन के सिद्धांत एक रुपया एक ईंट की तर्ज पर प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसके अलावा महिलाओं हेतु सरप्राइज गेम, गीता का श्लोक प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। एक विशेष प्रतियोगिता तेरा बचपनमेरी यादें का आयोजन सबके मन को मोह लिया इस पर मां बच्चे का रोल कर रही थी एवं बच्चे मन का रोल किया। कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष कमल नारायण रुंगटा, महेंद्र सक्सेरिया, जयदेव सिंघल, घनश्याम अग्रवाल, सत्य प्रकाश बंसल, राधेश्याम अग्रवाल, विमल सक्सेरिया, सरोज अग्रवाल, संजना पोद्दार, प्रीति राजगढ़िया, श्वेता सुमित अग्रवाल सहित अन्य मौजूद थे।

जारी रहेगी मुहिम

# हर आंगन एक पेड़ अभियान ने ट्विनसिटी में बिखेरी हरियाली




**भिलाई।** आर्टकॉम का हर आंगन एक पेड़ अभियान निरंतर जारी है। संस्था के संस्थापक निशु पाण्डेय ने बताया कि उन्होंने बोरे में भरकर लाए पौधों से इस अभियान की शुरुआत की। आज भिलाई में हर तरफ हरियाली व्याप्त है। बून्द बून्द से सागर भरता हैं, वैसे ही इस अभियान ने भिलाई में बहुत बड़ा परिवर्तन लाया है। अभियान के संरक्षक सांसद विजय बघेल ने इस वर्ष का आरम्भ में इस अभियान की शुरुआत की गई। सिंदूर उद्यान विकसित किया गया। इसके बाद सुपेला चौक में अपने हाथों से पौधों का निशुल्क वितरण किया। बघेल ने अभियान की तारीफ करते हुए कहा कि यह अभियान समाज के लिये अति आवश्यक अभियान है, जिसे देश के प्रधान सेवक ने एक पेड़ मां के नाम से विश्व स्तरीय बना दिया। संस्था के संरक्षक करमजीत सिंह, अभियान के अध्यक्ष गुरनाम सिंह ने पर्यावरण के प्रति समर्पण का एक उदाहरण प्रस्तुत किया है। उन्होंने वाटर हार्वेस्टिंग पर भी जोर देने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान सदस्यों द्वारा हेलमेट पहनकर जाने वाले एवं यातायात नियमों का पालन करने वाले का पौधा देकर सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम में शारदा गुप्ता, नीलकमल सोनी, बंटी नाहर, अमिताभ भट्टाचार्य, मेघा कौर, शिव शंकर यादव, श्रीनिवास मिश्रा, भास्कर राव, काजल साहा सहित अन्य मौजूद थे।

**यातायात नियमों का पालन करने वाले का पौधा देकर सम्मान**

सिटी इवेंट

# कोलिहापुरी की नवसाक्षर कमला ईश्वरी, सुनीता दिल्ली में सम्मानित

**दुर्ग।** नई शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत 15 वर्ष से अधिक उम्र के असाक्षरों को पढ़ाकर शत प्रतिशत साक्षरता बनाने अभियान चलाया जा रहा है। उल्लास टीम इस पर काम कर रही है। डीईओ अरविंद मिश्रा की निगरानी में यह कार्यक्रम संचालित है। पिछले दिनों महापरीक्षा का आयोजन किया गया । शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कोलिहापुरी के उल्लास केंद्र में 33 असाक्षर परीक्षा देकर साक्षर हुए। इनमें से नवसाक्षर कमला नेताम एवं ईश्वरी देशमुख एवं सुनीता साहू को अंतराष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर दिल्ली में सम्मानित किया गया। रश्मि ठाकुर के नेतृत्व में वे दिल्ली गईं। डॉ. भीमराव अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर के भीम ऑडिटोरियम में केंद्रीय कौशल विकास राज्य मंत्री जयंत चौधरी के मुख्य आतिथ्य तथा त्रिपुरा के शिक्षा मंत्री किशोर बर्मन, मिजोरम के शिक्षा मंत्री बनलाल थलाना, डीओएसईएल के सचिव संजय कुमार तथा संयुक्त सचिव अर्चना शर्मा अवस्थी की उपस्थिति शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। उल्लास केंद्र की प्रधान पाठक सुनीती दुबे, प्रभारी शिक्षिका अनिता वर्मा के मार्गदर्शन में स्वयंसेवी शिक्षिका सुनीता साहू ने असाक्षरों को पढ़ाया।



ओम वरिष्ठ नागरिक संघ ने अभियंता दिवस पर सेवानिवृत्त अभियंताओं का किया सम्मान

# अभियंता राष्ट्र निर्माण के आधार स्तंभ, प्रगति एवं विकास के शिल्पकार, विश्वेश्वरैया के योगदान को किया याद

कार्नर न्यूज

**दुर्ग।** ओम वरिष्ठ नागरिक संघ के तत्वावधान में कबीर आश्रम नेहरू नगर में भारत रत्न सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया की जयंती पर अभियंता दिवस समारोह का आयोजन कर सेवानिवृत्त अभियंताओं का सम्मान किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि भिलाई इस्पात संयंत्र के सेवानिवृत्त अभियंता एवं वरिष्ठ नागरिक महासंघ के अध्यक्ष घनश्याम कुमार देवांगन थे। अध्यक्षता सेवानिवृत्त अधिक्षण अभियंता देवेंद्र कुमार वर्मा ने की। इस अवसर पर अभियंताओं के द्वारा राष्ट्र निर्माण एवं अभियांत्रिकी क्षेत्र में किए गए अमूल्य योगदान को याद किया गया। देवांगन ने कहा कि अभियंता राष्ट्र निर्माण के आधार स्तंभ, प्रगति एवं विकास के शिल्पकार हैं, जो विज्ञान और तकनीक के माध्यम से मानव जीवन को सरल, सुरक्षित और सुविधाजनक बनाते हैं। वे केवल ढांचागत निर्माणकर्ता ही नहीं, बल्कि समाज की समस्याओं के समाधानकर्ता, नवप्रवर्तक और परिवर्तन के सूत्रधार भी होते हैं। उन्होंने महान अभियंता भारत रत्न सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया के राष्ट्रनिर्माण में योगदान को रेखांकित किया।



### उल्लेखनीय योगदान के लिए अभियंताओं का किया गया सम्मान

समारोह में अभियांत्रिकी के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले सेवानिवृत्त अभियंताओं घनश्याम कुमार देवांगन, देवेन्द्र कुमार वर्मा, राधेश्याम वर्मा, टेकराम गंगबेर, सतीश वर्मा, सुरेश कुमार रहमतकर, राजकुमार साहू, ईश्वरी प्रसाद सोमनकर, रामकुमार साहू, कबीर आश्रम के ट्रस्टी अध्यक्ष आत्माराम साहू, डॉ. हीरालाल साहू, गौकरण लाल साहू, प्रेमादास साहू, रामाधार साहू, खिलावन प्रसाद साहू आदि का शॉल, श्रीफल, पुष्प गुच्छ एवं अभिनंदन पत्र भेंट कर सम्मान किया गया। साथ ही सितंबर माह में जन्म तिथि वाले वरिष्ठ नागरिक श्रीमती उर्मिला साहू, सरस्वती साहू एवं राजकुमार गुप्ता का सामूहिक जन्मोत्सव मनाया गया। कु. तृप्ता सेन, बालेश्वरी, कन्हैयालाल देवांगन ने आकर्षक गीत एवं भजन प्रस्तुत किया।

### नवाचार, सतत विकास और राष्ट्र निर्माण को लेकर चर्चा

कार्यक्रम का शुभारंभ सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया एवं सद्गुरू कबीरदास के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुआ। इसके बाद वक्ताओं ने अभियांत्रिकी के क्षेत्र में नवाचार, सतत विकास तथा राष्ट्र निर्माण में अभियंताओं की भूमिका पर अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर संघ के अध्यक्ष अनंतराम वर्मा, उपाध्यक्ष तुलसीवृंदा देवांगन, डब्ल्यू जी समर्थ, सचिव जीवनलाल वर्मा, कोषाध्यक्ष सुरेश कुमार मनसाना, संयुक्त सचिव प्रेमलाल साहू, प्रचार सचिव, दुबे लाल सेन, रामकुमार वर्मा, के.के. मनसाना, पुरुषोत्तम साहू, गजानंद साहू, भरतलाल साहू, श्रीमती नीता वर्मा, पद्मा वर्मा, लता वर्मा, चित्रा समर्थ, गिरिजा साहू, कल्पना बैस, कबीर आश्रम के ट्रस्टी आदि सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठ नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन रामकुमार साहू एवं आभार प्रदर्शन डब्ल्यू समर्थ ने किया।

# पानी और सफाई को लेकर होगा हंगामा, जलकार्य विभाग में हुए घोटाले पर विपक्ष दागेगा सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नगर निगम दुर्ग की 18 सितंबर को होने वाली सामान्यसभा बैठक हंगामेदार होने के आसार हैं। पानी और सफाई को लेकर कांग्रेसी पार्षद दल ने शहर सरकार को घेरने की रणनीति बनाई है। बुधवार को इसे लेकर पार्षदों ने बैठक की, जिसमें पानी और सफाई के मुद्दे को लेकर व्यापक स्तर पर चर्चा की गई। पार्षदों ने कहा कि जनता पानी और सफाई व्यवस्था को लेकर हलाकान है। कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही है। अधिकारी फोन नहीं उठाते, जनप्रतिनिधियों को अपमानित करने का प्रयास किया जा रहा है। इसके अलावा जलकार्य में हुए घोटाले को लेकर भी सत्तापक्ष को घेरने की रणनीति तैयार की गई। इसमें बताया गया कि डेढ़ लाख रुपए का बोरिंग सहित अन्य समान बिना निविदा के खरीदा गया है। टेंडर खुलने तक का इंतजार नहीं किया गया। इसके अलावा एलम खरीदी को लेकर भी गड़बड़ी की गई। अत्यावश्यक सेवा को आधार बनाकर अपने चहेते ठेकेदार से एलम की खरीदी कर ली गई, जबकि निविदा हुई ही नहीं थी। भिलाई और रिसाली से एलम मंगाया गया। रायपुर और दुर्ग के दो ठेकेदारों से सांठगांठ कर एलम खरीदा गया। इस मामले को लेकर विपक्ष ने घेरने की तैयारी की है। बैठक 18 सितंबर को सुबह करीब 10 बजे निगम सभागार में शुरू होगी। एक घंटे के प्रश्नकाल के बाद एजेंडों पर चर्चा होगी। इधर महापौर अल्का बाघमार ने भी बीजेपी समर्थित पार्षदों, कांग्रेसी पार्षदों और निर्दलीय पार्षदों के साथ अपने सिविल लाइन स्थित बंगले में बैठक की। उनसे समर्थन मांगा।

## दुर्ग निगम की सामान्य सभा बैठक आज, दोपहर साढ़े 12 बजे तक ही शामिल होगा कांग्रेसी पार्षद दल

### एमआईसी के निर्णयों की सदस्यों को नहीं दी जानकारी, सदन में उठेगा मुद्दा

बैठक में प्रस्ताव क्रमांक 7 में एमआईसी की हुई बैठक 26 मई, 18 जून, 23 जुलाई और 29 अगस्त के निर्णयों को सूचनार्थ सामान्य सभा में रखा जाना है। इन बैठकों में क्या कुछ निर्णय लिए गए, उनके बारे में सदस्यों को जानकारी नहीं दी गई है। सदस्यों का कहना है कि भले ही जानकारी सूचनार्थ सदन में लाई जा रही है, लेकिन निर्णय क्या कुछ हुए, इस बारे में सदस्यों को अवगत कराया जाना था, लेकिन ऐसा नहीं किया गया। इसी प्रकार जीएसटी को लेकर हुए रिफॉर्म को लेकर सदन में अभिनंदन प्रस्ताव लाया जा रहा है।




### संपत्ति कर के लिए अब वार्षिक भाड़ा की जगह मूल्य अवधारित का होगा उपयोग

संपत्तिकर के विषय को भी चर्चा के लिए लाया जा रहा है। बता दें कि निगम एक्ट के मुताबिक प्रति 5 वर्ष में संपत्तिकर का पुर्ननिर्धारण स्थिति के अनुसार वृद्धि करना प्रावधानित है। वर्ष 2017-18 के बाद वृद्धि नहीं की गई। वर्ष 2017-18 में 50 प्रतिशत भवन/भूमि की दरों में वृद्धि की गई थी। निगम दुर्ग में भवन, भूमि मूल्य अवधारित संपत्तिकर प्रचलित है। अतः वर्ष 2025-26 हेतु उपरोक्त अधिनियम के प्रावधान एवं अन्य निकायों की भांति वार्षिक भाड़ा मूल्य अवधारित संपत्तिकर दर निर्धारित किया गया है। इसके अलावा रायपुर नाका मुक्तिधाम की दुकान, गंजमंडी काम्प्लेक्स की दुकान आवंटन के प्रस्ताव को बैठक में लाया जा रहा है।

### बैठक लेकर बनाई गई है रणनीति

बैठक लेकर रणनीति तैयार की गई है। निगम के जलकार्य विभाग में लगातार घोटाले सामने आ रहे हैं। अधिकारियों द्वारा अनियमितता बरती जा रही है। शहर सरकार उन्हें संरक्षण देने का काम कर रही है।
**-संजय कोहले,** नेता प्रतिपक्ष नगर निगम दुर्ग

## खबर संक्षेप

### 8 स्कूलों में किया गया जागरुकता कार्यक्रम

**दुर्ग।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनान्तर्गत 0.2 से 12 सितम्बर तक महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 10 दिवसीय विशेष जागरूकता अभियान विभिन्न 8 परियोजनाओं के स्कूलों, महाविद्यालयों, आंगनबाड़ी केन्द्रों में आयोजित किया गया।
दस दिवसीय विशेष जागरूकता कार्यकम में महिला सशक्तिकरण केन्द्र द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, सखी वन स्टॉप सेंटर, बाल विवाह रोकथाम कानून, पॉक्सो एक्ट, करियर गाइडेंस, मोबाइल की उपयोगिता, साइबर काइम से बचाव, घरेलू हिंसा, महिला हेल्प लाइन नंबर 181, चाइल्ड हेल्प लाइन 1098 की जानकारी दी गई। जागरूकता कार्यक्रम में कुल 634 प्रतिभागी सम्मिलित रहे। कार्यक्रम में परियोजना अधिकारी, पर्यवेक्षकगण, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिका, महिला सशक्तिकरण केंद्र से विनिता गुप्ता जिला मिशन समन्वयक, चन्द्रप्रकाश पटेल, शिल्पी उपाध्याय, लक्ष्मीकांत यादव, सीता कन्नौजे, नेमेश्वरी सेन, देवलता तिवारी, पैरामेडिकल स्टॉफ, विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### क्रिकेट प्रतियोगिता 5 अक्टूबर से

**दुर्ग।** ग्राम कोटनी में क्रिकेट प्रतियोगिता 5 अक्टूबर रविवार से शुरु होगा। जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य के ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के खिलाड़ी प्रतिभागी टीम भाग ले सकते हैं। वहीं क्रिकेट क्लब कोटनी के अध्यक्ष नवीन राजपूत ने बताया कि प्रतियोगिता प्रत्येक रविवार को खेला जाएगा एवं हर मैच 6 ओवर का होगा। मैच टेनिस बॉल में खेली जाएगी। वहीं 32 टीम भाग ले सकते है। स्पर्धा के विजयी टीम के लिए आकर्षक पुरस्कार रखे गए हैं। यह जानकारी समिति के सदस्य बीरेंद्र कुमार ने दी।

### बैठक 19 कल

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण की बैठक 19 सितम्बर को पूर्वान्ह 11 बजे पीडब्ल्यूडी सभा कक्ष दुर्ग में आयोजित की गई है। बैठक की अध्यक्षता विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय करेंगे। उक्त बैठक में मंत्रीमण्डल के सदस्य, सभी सांसद, विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष, संभाग आयुक्त, पुलिस महानिरीक्षक, विभागीय सचिव एवं सत्रह जिलों के कलेक्टर शामिल होंगे।

## ये गलत है : अपिव क्षेत्र विकास प्राधिकरण की बैठक में जुटेंगे 30 वीवीआईपी

# हैवी ट्रैफिक वाले गांधी पुतला के पास आज सभा, कल बैठक, पब्लिक होगी परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

अगले दो दिन यानी 18 सितंबर और 19 सितंबर को दुर्ग शहर के जीई रोड से गुजरना लोगों के लिए परेशानी का सबब रहेगा। कोशिश कीजिए कि इस मार्ग पर जाने की जरुरत न पड़े। बता दें कि इतना बिजी मार्ग होने के बाद भी राजनीतिक तुष्टिकरण के लिए दो बड़े आयोजन इस मार्ग पर होने जा रहे हैं।

18 सितंबर को कांग्रेस के कद्दावर नेता सचिन पायलट की सभा हिंदी भवन के ठीक सामने सड़क किनारे होने जा रही है। दोपहर 1 बजे वे दुर्ग पहुंचेंगे। इससे पहले पुलगांव मिनी माता चौक से उनकी बाइक रैली निकलेगी। इसी प्रकार अगले दिन यानी 19 सितंबर को प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उनका पूरा मंत्रीमंडल दुर्ग पहुंच रहा है। जीई रोड पर स्थित रेस्ट हाउस के सभागार में छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण की बैठक रखी गई है। बैठक सुबह 11 बजे शुरू होगी। इस प्रकार इन दो बड़े आयोजनों की वजह से लोगों को खासी परेशानी होने वाली है। जीई रोड के अलावा इससे जुड़ी अन्य सड़कों विशेष रूप से इंदिरा मार्केट, पचरीपारा, स्टेशन रोड, जेल रोड, बस स्टैंड रोड, खंडेलवाल कॉलोनी सड़क पर ट्रैफिक का दबाव रहेगा। पब्लिक को खासी दिक्कतों का सामने करना पड़ सकता है। हालांकि प्रशासनिक स्तर पर रूट डायवर्ट किए गए हैं। हैवी वाहनों की आवाजाही पर रोक लगा दी गई है। यात्री बसों के परिचालन पर भी संशोधन किए गए हैं। बावजूद इसके शहर में इन आयोजनों के बीच शहर पर कराए जाने को लेकर लोगों में खासी नाराजगी है। लोगों का कहना है कि यह प्रशासनिक निर्णय पूरी तरह से गलत है। इससे पब्लिक को खासी परेशानी उठानी पड़ सकती है। आपात स्थिति में हालात बिगड़ सकते हैं। इधर पुलिस मुस्तैदी से ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त रखने में जुट गई है।

## शहर में बसें प्रवेश नहीं करेंगी, अलग-अलग जगहों पर बनाई गई पार्किंग



### बालोद की तरफ से आने वाले वाहनों की पार्किंग लाइन में

जानकारी के मुताबिक बालोद, अर्जुंदा, डोंगरगढ़, दल्लीराजहरा, धमतरी, राजनांदगांव और खैरागढ़ से आने वाली बसों के लिए पुलिस लाइन में पार्किंग है। जीवन प्लाजा के सामने से रवाना होंगी। धमधा नाका और बायपास होकर राजनांदगांव, धमधा, कवर्धा एवं बेमेतरा की ओर से आने वाली बसों के लिए ग्रीन चौक पर पार्किंग की व्यवस्था की गई है। पाटन की ओर से आने वाली बसें समृद्धि बाजार के सामने, हॉकी मैदान में खड़ी होंगी। वापस यहीं से अपने गंतव्य के लिए रवाना भी होंगी।

### पीडब्लूडी के सभागार में होगी बैठक, 3 घंटे तक रहेंगे वीआईपी

जानकारी के मुताबिक पीडब्ल्यूडी सभा कक्ष दुर्ग में बैठक होगी। बैठक की अध्यक्षता विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय करेंगे। बैठक में मंत्रीमंडल के सभी सदस्य, सांसद, विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष, संभागायुक्त, पुलिस महानिरीक्षक, विभागीय सचिव एवं सत्रह जिलों के कलेक्टर शामिल होंगे। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने उक्त बैठक के लिए जिले के अधिकारियों को विभागवार दायित्व सौंप दी है। शहर में बसों समेत भारी वाहनों का प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित किया गया। दूसरे जिलों से आने वाली यात्री बसों को ग्रीन चौक, पुलिस लाइन, समृद्धि बाजार में रोका जाएगा। वीआईपी मूवमेंट के दौरान भारी वाहनों का शहर के भीतर प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। इसके लिए शहर की सीमाओं पर आवश्यक अवरोध एवं पुलिस बल की तैनाती की गई है। किसी भी प्रकार की इमरजेंसी होने पर ई-रिक्शा एवं ऑटो की व्यवस्था की गई है।

### पायलट की सभा को लेकर तैयारी, बाइक रैली से बिगड़ेगी व्यवस्था



राष्ट्रीय कांग्रेस के महासचिव व छत्तीसगढ़ कांग्रेस के प्रभारी सचिन पायलट 18 सितंबर को दुर्ग आएंगे। वे यहां कांग्रेस के वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान के तहत हिन्दी भवन के पास गांधी प्रतिमा के सामने आमसभा करेंगे। इस दौरान वे अभियान के पक्ष में समर्थन जुटाने हस्ताक्षर अभियान की भी शुरुआत कराएंगे। जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर ने बताया कि कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल व पीसीसी चीफ दीपक बैज भी शामिल होंगे। दोपहर 12 बजे मिनीमाता चौक पुलगांव से पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल के नेतृत्व में बाइक रैली निकलेगी। रैली में शामिल होकर सचिन पायलेट सभास्थल पहुंचेंगे।

### ये पूरी तरह से गलत



यह पूरी तरह से गलत है, राजनीतिक स्वार्थ के लिए ऐसा किया जा रहा है। वैसे भी दुर्ग शहर की ट्रैफिक व्यवस्था चरमरा गई है। इंदिरा मार्केट और पचरीपारा सड़क हर समय जाम रहती है। इस प्रकार के आयोजनों को खुले मैदान और भीड़ वाली जगह से दूर किया जाना चाहिए।
**-डॉ. एसके अग्रवाल,** चिकित्सक पचरीपारा दुर्ग

### भावनाओं से खिलवाड़



नेता जनता की भावनाओं के खिलवाड़ कर रहे हैं। ऐसा होना नहीं चाहिए, मार्ग पर हैवी ट्रैफिक रहता है। पूरे दिन वाहनों की आवाजाही रहती है। ऐसे समय में इस प्रकार के आयोजन जीई रोड पर नहीं होने चाहिए। प्रशासन से मांग है कि ऐसा न करें, यह शहर के लिए खतरनाक है।
**-राजेश यादव,** दीपक नगर दुर्ग

# सम्मेलन में मुख्यमंत्री ने किया दंत चिकित्सा से जुड़ी पुस्तक का विमोचन




**भिलाई।** रुंगटा कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज एंड रिसर्च भिलाई के संकाय और छात्रों ने बेबीलोन कैपिटल रायपुर में आयोजित इंडियन डेंटल एसोसिएशन राज्य दंत चिकित्सा सम्मेलन में संस्थान का नाम रोशन किया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल और विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। वरिष्ठ रेजिडेंट डॉ. देबलीना बैद्य और बाल चिकित्सा दंत चिकित्सा विभाग की प्रोफेसर एवं प्रमुख डॉ. लुम्बिनी पाथिवाड़ा द्वारा लिखित एफेबोडोंटिक्स नामक पुस्तक के विमोचन किया गया। समारोह में त्रिपुरा सरकार के एआरआरडी मंत्री सुधांशु दास भी उपस्थित थे, जिन्होंने औपचारिक रूप से पुस्तक का विमोचन किया। दंत चिकित्सा साहित्य में योगदान के लिए लेखक के प्रयासों की सराहना की। वाइस डीन डॉ. फातिमा खान और संकाय सदस्यों, डॉ. शाहीन हमदानी, डॉ. हर्षा मेहरोत्रा सिन्हा, डॉ. गौरव अग्रवाल और डॉ. प्रीति परयानी को सर्वश्रेष्ठ पेपर प्रस्तुतियों के लिए सम्मानित किया गया। पीजी छात्रों डॉ. मृगराज रवींद्र, डॉ. भूमिका साहू और डॉ. शुभ जैन ने विभिन्न श्रेणियों में सर्वश्रेष्ठ वैज्ञानिक पोस्टर पुरस्कार जीतकर एक मजबूत छाप छोड़ी। डॉ. लुम्बिनी पाथिवाड़ा को प्रिजर्व मोर स्ट्रेस लैस ए पेटेंड - फ्रेंडली ऑप्शन विषय पर एक गेस्ट लेक्चरर व्याख्यान के लिए सम्मानित किया गया। संजय रूंगटा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के अध्यक्ष संजय रूंगटा ने उपलब्धि हासिल करने वालों को बधाई दी और कहा कि ये सम्मान शिक्षा, अनुसंधान और पेशेवर विकास के प्रति संस्थान की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।

## कलेक्टर ने किया तिलक स्कूल में निर्वाचक नामावली मिलान कार्य का निरीक्षण



**दुर्ग।** कलेक्टर अभिजीत सिंह ने विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 64 दुर्ग शहर के अंतर्गत तिलक स्कूल के साथ अन्य स्कूल में चल रहे मतदाता सूची निर्वाचक नामावली के मिलान कार्य का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बीएलओ को कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने एवं मिलान प्रक्रिया को सटीकता से संपन्न करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर ने वर्ष 2003 की मतदाता सूची को वर्ष 2025 की अद्यतन सूची से व्यवस्थित ढंग से मिलान करने, 2003 की सूची के ए और बी मतदाताओं का मिलान 2025 की सूची से करते समय 2025 की सूची में संबंधित मतदाता के सरल क्रमांक के सामने 2003 की सूची का सरल क्रमांक भी अंकित करने कहा। इसी प्रकार 2003 की सूची में भी 2025 की सूची का सरल क्रमांक उल्लेखित किया जाए।

## आप ने संगठन विस्तार के लिए जिले के छह विधानसभा के बनाए प्रभारी

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ में आम आदमी पार्टी का प्रदेश में लगातार संगठन विस्तार जारी है। आम आदमी पार्टी के प्रदेश महासचिव वदूद आलम ने बताया कि प्रदेश में अगले विधानसभा चुनावों में अभी 3 साल से ज्यादा का समय बाकी है, लेकिन पार्टी का संगठन विस्तार बड़े पैमाने पर किया जा रहा है।

प्रदेश की सभी 90 विधानसभा के लिए प्रभारियों की नियुक्ति किया गया है। आलम ने बताया कि प्रदेश प्रभारी, प्रदेश सह प्रभारी और प्रदेश अध्यक्ष के मार्गदर्शन में ज़ोन, सभी जिलों के साथ-साथ दुर्ग जिले के सभी विधानसभा, ब्लॉक स्तर, वार्ड, पंचायत और बूथ स्तर पर संगठन की टीम तैयार करने की रुपरेखा तैयार कर ली गई है। पार्टी द्वारा जल्द ही नए सदस्यों को जोड़ने के लिए व्यापक अभियान चलाया जायेगा। सभी कार्यकर्ताओं को आम आदमी पार्टी की नीतियों, विचारधारा और सोशल मीडिया प्रबंधन के लिए प्रशिक्षित कर दिया गया है। प्रदेश संगठन मंत्री संजीत विश्वकर्मा ने कहा कि आम आदमी पार्टी ने हमेशा शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पानी पर आम जनता के अधिकार के तौर पर फोकस किया है। छत्तीसगढ़ में भी पार्टी जनता से जुड़े मुद्दों को लेकर लगातार आंदोलन कर रही है। विधानसभा के प्रभारियों की नियुक्ति होने पर प्रदेश के सभी विधानसभा के आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं में हर्ष का माहौल बना हुआ है।

## ओए चुनाव : अध्यक्ष प्रत्याशियों में खंदक की आखिरी जंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

बीएसपी आफिसर्स एसोसिएशन की चुनावी सरगरमी अब अपने पूरे शबाब पर है। अध्यक्ष सहित तीन अहम पदों के प्रत्याशियों के बीच

- कल होगा मतदान

चुनाव के एक दिन पूर्व खंदक की लड़ाई जोरों पर है। अध्यक्ष प्रत्याशी एनके बंछोर व मुकेश कुल्मी सहित महासचिव व कोषाध्यक्ष के उम्मीदवारों ने प्लांट में विश्वकर्मा पूजा में शामिल होकर जीत की अपील की। मुख्य मुकाबला जीएम श्री बंछोर और डीजीएम श्री कुल्मी के अघोषित पैनलों के बीच है। वहीं महासचिव के तीन स्वतंत्र प्रत्याशियों ने भी अपनी पूरी ताकत झोंक दी है।

ओए चुनाव की जंग अब दिलचस्प मोड़ पर पहुंच गई है। चुनाव प्रचार के लिए अब मात्र एक दिन बच गया है । कल ओए की जनरल बाडी की आखिरी आमसभा




में निवर्तमान कमेटी अपनी उपलब्धियों का बखान कर शक्ति प्रदर्शन करेगी। अध्यक्ष के लिए 4 बार के अध्यक्ष रहे एनके बंछोर और एक बार जेडआर रहे मुकेश कुल्मी के बीच सीधा मुकाबला है। कोषाध्यक्ष के लिए भी सीनियर मैनेजर सौभाग्य रंजन साहू और एजीएम अभिषेक कोचर के बीच कांटे की टक्कर हैं। जबकि जीएस के लिए 5 प्रत्याशी मैदान में हैं। इनमें निवर्तमान कमेटी में कोषाध्यक्ष रहे एजीएम अंकुर मिश्रा व उपाध्यक्ष एजीएम तुषार सिंह टिकरिहा के बीच मुकाबले की स्थिति बन रही है। अन्य 3 उम्मीदवार डीजीएम सुधीर बालचंदानी रामटेके, एजीएम विजय कुमार आर्य व अजय कुमार चौरसिया के बीच वोटों के ध्रुवीकरण होने से भी चौंकाने वाला भी नतीजा आ सकता है।

### बंछोर-कुल्मी में मुकाबला

सभी की निगाहें अध्यक्ष प्रत्याशी एनके बंछोर व मुकेश कुल्मी पर टिकी हैं। दोनों चुनावी वादों के साथ अधिकारियों से जीत की अपील कर रहे हैं। 4 बार के अध्यक्ष श्री बंछोर अपनी उपलब्धियों 11 माह के पर्क्स एरियर्स भुगतान संघर्ष, 2 हजार करोड़ पेंशन अंशदान भुगतान, मो. फोन रिबंर्समेंट में व नाइट शिफ्ट इंसीडेंटल एक्सपेंसेस में वृद्धि, ईपीएस 95 के लिए संघर्ष, माइंस क्लीयरेंस आदि के साथ हितो के संवर्धन का दावा कर रहे हैं। वहीं श्री कुल्मी श्री बंछोर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए उनके 10 साल के अनसुलझे मुद्दों के निदान का वादा कर रहे हैं। वे अधिकारियों के लिए क्वाटर्स की मरम्मत, सफाई, हायर पेंशन व एचआर दिलाने, बेहतर हेल्थ सुविधा व कार्य स्थल व आफिसेस, एकमुश्त पीआरपी का वादा कर श्री बंछोर पर हायर पेंशन पर चुप्पी, बैजाग प्लांट सहित सेल में पे रिवीजन नहीं करवा पाने, सुपर एन्यूशन बेनफिट 3 से 6 प्रति. करने पर मौन, व वर्ष 2008-18 तथा 18 के बेच के अफसरों को प्रमोशन नहीं दिलवा पाने का आरोप लगा रहे हैं।







